खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, सोमवार 24 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 45 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2081 25 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## न्यूजीलैंड दबदबा कायम रखने व बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर





# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, कोहली का 51वां शतक

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए।

भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन -शेष पृष्ठ दो पर

- इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर
- वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय भी बने कोहली

### पाकिस्तान की हार के दो कारण

**धीमी बैटिंग-** पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।

**स्पिनर्स की कमी-** पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वाड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को

## टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल के उत्पादन पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विवादास्पद टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल से संबंधित औषधियों के उत्पादन पर तत्काल रोक लगा दी है। मंत्रालय ने रविवार देर शाम यहां बताया कि टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के संबंध में तुरंत कार्रवाई की गई है। इनका उत्पादन रोक दिया गया है। संबंधित दवा संयोजनों के लिए गतिविधि और उत्पादन रोकने का आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय ने भारतीय दवा निर्माता मेसर्स एवियो फार्मास्यूटिकल्स, मुंबई द्वारा पश्चिम अफ्रीका के कुछ देशों को टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के निर्यात रोकने का प्रस्ताव किया है।

## भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छू रहा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने देश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौवें रॉकेट लांच का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है। श्री मोदी ने अपने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले महीने देश इसरो के सौवें रॉकेट लॉन्च का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि स्पेस विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है।

## पांच साल से जेल में बंद रेप के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से जेल में बंद 24 साल के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि लड़की के साथ जो हुआ उसे इसकी पूरी समझ थी। वह अपनी मर्जी से आरोपी के पास गई थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि मामला भले ही पॉक्सो एक्ट के तहत था और पीड़िता नाबालिग थी, लेकिन लड़की अपने माता-पिता को बताए बिना घर छोड़कर आरोपी के साथ चार दिनों तक रही। मामले के फैक्ट्स को देखने से समझ आ रहा था कि उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि वो क्या कर रही है, उसने अपनी मर्जी से आरोपी के साथ चार दिन बिताए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच को पुलिस रिपोर्ट और लड़की के बाद में दिए गए बयानों में अंतर दिखा, जिसमें मेडिकल जांच के दौरान भी बदलाव था।

## अहमदाबाद में 8 व 9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा।

# केंद्र एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में बदलाव को तैयार

## कानून मंत्री मेघवाल बोले हर मुद्दे की अच्छी तरह करेंगे जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी, जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो। केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी। दरअसल बिल की धारा 35ए वकील या वकीलों के संगठन को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोकती है। इसका उल्लंघन वकालत के पेशे का मिसकंडक्ट माना जाएगा और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि मौजूदा व्यवस्था: हड़ताल करने पर रोक नहीं, प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। वहीं प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की वजह से किसी का नुकसान होता है, तो बिल की धारा 45बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। अभी तक अपने मुवक्किल को धोखा देना ही प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। इसकी शिकायत बीसीआई से होती है। नए बिल में कानूनी व्यवसाई (धारा 2) की परिभाषा व्यापक बनेगी। इसमें कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ ही कॉर्पोरेट वकीलों, इन-हाउस परामर्शदाताओं, वैधानिक निकायों और विदेशी कानूनी फर्मों में कानूनी काम में लगे लोगों को भी कानूनी व्यवसाई माना -शेष पृष्ठ दो पर

**विरोध में थे बीसीआई समेत अधिकतर राज्यों के वकील**

**सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो**



### फैसले का बार काउंसिल ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार द्वारा एडवोकेट एमेंडमेंट विधेयक पर पुनर्विचार करने के निर्णय का स्वागत किया है, जबकि सरकार के निर्णय के बाद दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ले ली गई है। बता दें कि बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2025 के विरोध में सोमवार को हड़ताल का ऐलान किया था। बता दें कि केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग की ओर से 13 फरवरी को सार्वजनिक परामर्श और आम लोगों के लिए सुझाव के लिए मसौदा विधेयक पेश किया था, लेकिन मसौदा के सार्वजनिक होने के बाद इसका देश भर में विरोध शुरू हो गया था। इस बावत केंद्रीय कानून मंत्री को बार काउंसिल की ओर से पत्र भी दिया गया था।

**दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ली**

# भारत में अमेरिकी फंड से चल रहे सात प्रोजेक्ट: वित्त मंत्रालय का खुलासा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए हैं।

जहां ट्रम्प भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने के बयानों को दोहरा रहे हैं, वहीं भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) से अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, लेकिन इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिल रहा है। विदेशी सहायता पर नजर रखने वाले वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ताजा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये खुलासा हुआ है। इस बीच वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2008 के बाद से भारत को यूएसएड से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपये का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।



- ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए, वोटर टर्नआउट शामिल नहीं

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों नेकहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

# आप यह न समझें मेरे पास विकल्प नहीं: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर पार्टी के खिलाफ बगावती तेवर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद थरूर ने हाल ही में केरल की वामपंथी विजयन सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की तारीफ की थी। उन्होंने केरल में पार्टी नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठाए थे। इसके बाद पार्टी की केरल इकाई के मुखपत्र ने उन्हें नसीहत देते हुए लेख छापा था। थरूर ने इन विवादों पर एक मलयालम पॉडकास्ट में कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और न ही अपने विचार संकीर्ण रखे। उन्होंने विवादों पर मीडिया से बातचीत में रविवार को कहा कि नो कमेंट्स। भारत-पाकिस्तान के मैच का आनंद लीजिए।



- कांग्रेस के खिलाफ शशि थरूर ने अपनाए बगावती तेवर
- कहा मैं कांग्रेस के साथ, लेकिन कांग्रेस को जरूरत नहीं, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं

# विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके महाकुंभ में डुबकी

**महाकुंभनगर।** उप्र के सीएम योगी ने महाकुंभ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट करने के बाद कहा कि अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी।



- सीएम योगी ने महाकुंभ में साधु-संतों से की मुलाकात

# अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों का चौथा जत्था भारत पहुंचा

**नई दिल्ली।** अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों का चौथा बैच रविवार को भारत पहुंचा है। इन्हें अमेरिका से पनामा डिपोर्ट किया गया था। वहां से इन्हें सिविलियन प्लेन में भारत भेजा गया। इन 12 लोगों में से चार पंजाब के रहने वाले हैं।

तीन उप्र और तीन हरियाणा के बताए जा रहे हैं। पंजाब के चारों लोगों को अमृतसर रवाना कर दिया गया है। अब तक चार बैच में 344 अप्रवासी भारतीय अमेरिका से वापस लौटे हैं। 5 फरवरी, 15 फरवरी और 16 फरवरी को अमेरिका ने मिलिट्री विमान से 332 लोगों को हथकड़ी-बेड़ियां पहनाकर भेजा था। पहले बैच में भेजे गए भारतीयों का यह वीडियो अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल चीफ माइकल बैंक ने ग हैंडल पर शेयर किया था।

- यूएस से 12 लोगों को पनामा के जरिये सिविलियन प्लेन में भेजा

### पनामा को पड़ाव बनाया गया

**नई दिल्ली।** अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है। अमेरिका से पनामा लाए गए लोग अपने-अपने देश जाने को तैयार नहीं हैं। इनकी तस्वीरें पिछले हफ्ते सामने आई थीं। इनमें दिख रहा था कि ये लोग होटल की खिड़कियों से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

حج عمرہ و زیارات

बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेडू वाले)

IATA | CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY

हज, उमराह, ज़ियारत

25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन

फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-

मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर

मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर

डाइरेक्ट फ्लाइट

होटल में रहना, खाना व ज़ियारत

मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।

हाजी आलम - 9756508234

एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।

मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577

दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157

E-mail:bismillah786@gmail.com

www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# मन की बात में पीएम ने उत्तराखंड की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य और विराट आयोजन पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से अपने 'मन की बात' कही।

उत्तराखंड की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने ये उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदान में भी उसका प्रदर्शन शानदार साबित हुआ। उनके कार्यक्रम का काफी हिस्सा उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा।



- प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभरने का किया जिक्र

**मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-**

मेरे प्यारे देशवासियों, आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीट ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड अब देश में स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड 7वें स्थान पर रहा। यही तो पावर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल -शेष पृष्ठ दो पर

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। देवभूमि से विशेष लगाव रखने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हृदय तल से आभार! इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष 'सेंसर' की तरह काम न करें: महबूबा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि 'सेंसर' की तरह काम करना। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की ओर से कुछ विधायकों द्वारा आगामी बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले कार्यों के संबंध में विधानसभा में प्रस्तुत किए गए नोटिसों को प्रचारित करने के खिलाफ व्यक्त की गई नाराजगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थीं। सुश्री महबूबा ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राथर साहब विधायी कार्यवाही की पवित्रता को लेकर चिंतित हो सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष का मुख्य कार्य सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, सेंसर का नहीं। उन्होंने कहा कि विधायी गतिविधियों में पारदर्शिता और सार्वजनिक जागरूकता को संसदीय प्रथाओं का उल्लंघन नहीं माना जाना चाहिए। इसके विपरीत, जनता को नोटिस, प्रश्नों और प्रस्तावों के बारे में सूचित करने से जवाबदेही बढ़ती है।

### भाईचारे की मज़बूती को काम करेगा मजलिसे मशावरत: नूरुल्लाह

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मशावरत (एआईएम एमएम), दिल्ली चैप्टर (पंजीकृत) ने देश में बढ़ते सामा. जिक तनाव और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिशों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने की दिशा में व्यापक अभियान चलाएगा। एआईएमएमएम की बैठक के बाद संगठन के अध्यक्ष सैयद नूरुल्लाह ने आज कहा कि देश इस समय एक गंभीर दौर से गुज़र रहा है, जहां विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के बीच सुनियोजित तरीके से तनाव फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। यह प्रवृत्ति समाज और देश दोनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व भारतीय समाज की गंगा-जमुनी तहज़ीब को नुकसान पहुंचाने की साज़िश में लगे हैं, जिसे हर हाल में नाकाम किया जाना चाहिए। सैयद नूरुल्लाह ने अमनपसंद भारतीयों से अपील की कि वे समाज में एकता और शांति बनाए रखने के लिए आगे आएं और विघटनकारी तत्वों की साजिशों को विफल करें।

### मणिपुर पुलिस ने बरामद किए हथियार चार गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में चार लोगों को गिरफ्तार करके हथियार बरामद किए हैं और तेंग्नौपाल, बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में चार एकड़ में लगी पोस्त की खेती को नष्ट कर दिया है। एक अधिक. ारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इंफाल-पूर्वी जिले के फुनाल मा. रंग गांव से हथगोले, नौ मिमी पिस्तौल और अन्य सामग्री जब्त की गई। तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में एक अन्य ऑपरेशन में, विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और पोम्पी गोले जब्त किए गए।

# इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

## हमास को करीब 620 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करने की थी उम्मीद

**यरूशलम, वार्ता**

इज़रायल ने रविवार को फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी। इजरायल ने रविवार को सुबह यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी है, जिन्हें संघर्ष विराम समझौते के तहत रिहा किया जाना था, जब तक कि और बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

हमास द्वारा दिन में छह बंधकों को रिहा करने के बाद इज़रायल को लगभग 620 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करने की उम्मीद थी। ये छह बंधक तीन-चरणीय समझौते के पहले चरण में रिहा किए जाने वाले जीवित बंधकों का अंतिम समूह थे। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि निर्धारित फिलिस्तीनी बंदियों की रिहाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती, बिना अपमानजनक समारोहों के। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय हमास के बार-बार उल्लंघनों के बाद लिया गया है, जिसमें हमारे बंधकों का अपमान करने वाले अपमानजनक (बंधक रिहाई) समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए बंधकों का निंदनीय उपयोग शामिल है। हमास और इज़रायल दोनों पर बंदियों का प्रचार के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया गया है, जिसमें हमास ने मंच पर बंधकों की परेड कराई और इजरायल ने फिलिस्तीनी कैदियों द्वारा पहने गए कंगन और टी-शर्ट पर अपमानजनक शिलालेख चिपकाए और उन्हें अपमानजनक मुद्रा में फोटो खिंचवाया। इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं, जिनमें से आधे से अधिक की मौत हो चुकी है। वहीं इजरायल ने सीरिया-लेबनान सीमा चौकियों पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह पर हथियार तस्करी के लिए इन मार्गों का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

इजरायली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह ने 'अवैध रूप से हथियारों के स्थानांतरण' के लिए क्रॉसिंग का उपयोग किया। इन्हें 'इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन' कहा गया, जो 27 नवम्बर 2024 से प्रभावी है। आईडीएफ ने इजरायल ने हिजबुल्लाह को 'आतंकवादी संगठन' करार देकर उसकी सैन्य क्षमताओं को पुनर्निर्मित करने से रो. कने का संकल्प लिया है। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इजरायली हमलों ने सीरिया के बीहड़ कलामौन क्षेत्र में ठिकानों को निशाना बनाया। निगरानी संस्था ने इन स्थलों को सीरिया से लेबनान में हिज़्बुल्लाह के हथियारों के हस्तांतरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। अब तक कोई हताहत या नुकसान की सूचना नहीं मिली, न ही कोई आधिकारिक बयान आया।




इजरायली सेना ने लेबनान और सीरिया सीमा चौकियों पर किया हमला

■ इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं

### हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह दोबारा दफन होगा

**बेरूत।** हिजबुल्लाह के चीफ रहे हसन नसरल्लाह को करीब 5 महीने बाद फिर से दफनाया जा रहा है। इजराइल ने नसरल्लाह को 27 सितम्बर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में मार गिराया था। मौत के 7 दिन बाद उसे किसी सीक्रेट जगह पर दफन कर दिया गया था। अब उसे दक्षिणी बेरूत के एयरपोर्ट रोड के पास दफनाया जाएगा। बेरूत के कैमिली चामौन स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में नसरल्लाह को अंतिम विदाई दी जा रही है। इस स्टेडियम की क्षमता 50 हजार लोगों की है। नसरल्लाह की अंतिम विदाई में 65 देशों से लगभग 800 हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसमें कई शिया आर्गेनाइजेशन के साथ-साथ ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगैर गालिबाफ भी शामिल होंगे। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्से से हजारों हिजबुल्लाह समर्थक पहुंचे हैं।

### रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम



**मास्को।** रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रात एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। ये हमला 13 जगहों पर हुआ। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव, चेर्निहिव, मायकोलाइव और ओडेसा समेत कम से कम 13 इलाकों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं। बीबीसी के मुताबिक इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक ये साफ नहीं है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूस पर हमला किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने 20 ड्रोनों से हमला किया। लेकिन उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन की डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि उन्होंने 138 ड्रोन्स को मार गिराया है। जबकि 119 डिकाय ड्रोन थे। डिकाय ड्रोन हथियारों से लैश नहीं होते हैं। इनका इस्तेमाल दुश्मन का ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है।

# सीएम योगी के नाम एक और कीर्तिमान दर्ज

**महाकुंभनगर।**



■ महाकुंभ का सबसे अधिक 18 बार दौरा करने वाले बने पहले मुख्यमंत्री

महाकुंभ का इतिहास बहुत प्राचीन है, लेकिन आजाद भारत का पहला कुंभ 1954 में 14 जनवरी से तीन मार्च तक लगा था। इस दौरान प्रयागराज में कई बार अर्ध कुंभ और कुंभ का आयोजन किया गया, लेकिन अर्धकुंभ और कुंभ के आयोजन की तैयारियों का जमीनी स्तर पर समीक्षा करने के लिए अब तक 21 मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री बन गए है, जिन्होंने मेला की समीक्षा के लिए अब तक 18 बार प्रयागराज का भ्रमण कर चुके है।

आजादी के बाद प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत थे। वह दो से तीन बार प्रयागराज आकर पैदल एवं नाव से जायजा लेकर गये थे। इसके अलावा 20 मुख्यमंत्रियों में कुंभ और अर्ध कुंभ मेले को लेकर इतना गंभीर कोई अन्य मुख्यमंत्री नहीं रहा है जिसने जमीनी स्तर पर बार-बार पहुंचकर मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को किसी प्रकार की समस्या न हो जानकारी लेते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनवरी से लेकर अब तक 12 बार मेले का दौरा किया। ऐसा करने वाले वह पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। इससे पहले अक्टूबर में महाकुंभ का लोगों जारी होने के बाद 23 फरवरी रविवार तक उनका 18वां दौरा है। योगी कई बार मेले की समीक्षा की जानकारी अधिकारियों से लेने प्रयागराज का दौरा करते रहे हैं, लेकिन विशेष गणमान्य राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, भूटान नरेश की अगवानी करने के लिए भी संगम नगरी पहुंचकर अनेकों बार आस्था की डुबकी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन चुके हैं।

### संबित पात्रा व कैलाश ने किया स्नान

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यत्मिक एवं संस्कृत समागम महाकुंभ में लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने रविवार को त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और महाकुंभ 2025 की भव्यता की सराहना की। उनके साथ प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भी स्नान कर आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखकर हुए अभिभूत हुए। संबित पात्रा ने कहा कि यहां आना और पवित्र डुबकी लगाना सौभाग्य की बात है। मैंने पुरी से प्रयागराज की यात्रा की और यहां आकर महसूस हुआ कि जन्मों के पुण्य से ही महाकुंभ संगम स्नान का अवसर मिलता है।

# असम सीएम का मुस्लिम मुखालिफ चेहरा फिर उजागर: रजवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेल. वी ने आसाम विधानसभा की कार्यवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि आसाम की भाजपा सरकार ने एक बार फिर मुस्लिम मुखालफत का इजहार करते हुए विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे के दिन नमाज अदा करने के लिए 2 घंटे के वक्फा (शून्यकाल) के लिए 90 साल की परम्परा को खत्म कर दिया गया है। अगर चुने हुए विधायक ही अपने धार्मिक अधिकारों की अदायगी नहीं कर सकते हैं, तो असम राज्य के आम मुसलमानों के बारे में क्या कहा जा सकता है, ये बात हर शख्स सोच सकता है।

मौलाना ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा हमेशा मुसलमानों के खिलाफ जहरीले बयान देते हैं, कभी वो एनआरसी के नाम पर आसाम और बंगाल के मुसलमानों को डराते हैं, तो कभी सीएए के नाम पर पूरे भारत के मुसलमानों को डराने की को. शिश करते हैं। मौलाना ने आगे कहा कि विधानसभा में जुमे के दिन 2 घंटे की छूट 1937 से चली आ रही है, ये छूट कोई नई परम्परा नहीं है, जो कि 90 सालों से चली आ रही है।



■ विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे की नमाज के लिए 90 साल की परम्परा खत्म कर दी गई

# चीन से आने वाले सामान पर शुल्क लगाए मेक्सिको: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने मेक्सिको से चीन से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क लगाने को कहा है, ताकि मेक्सिको से आने वाले सामानों पर अमेरिकी शुल्क लागू होने से बचा जा सके। ब्लूमबर्ग ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानक. ारी दी।

सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि अमेरिका व मेक्सिको के प्रतिनिधि मंडलों ने गुरुवार को वाशिंगटन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में अमे. रिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक भी शामिल थे। उन्होंने चीन पर मेक्सिको के शुल्क के बारे में बात की। मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने किया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मेक्सिको ने चीन के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। बैठक व्यापार और शुल्क मुद्दों का अध्ययन जारी रखने के लिए दोनों देशों के एक कार्य समूह बनाने के समझौते के साथ समाप्त हुई। ट्रम्प ने पहले कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए थे। मेक्सिको से आने वाले सामानों पर भी शुल्क 25 प्रतिशत होगा, लेकिन सोमवार को ट्रम्प ने देश के अधिका. रियों के साथ बातचीत करने के लिए एक महीने के लिए शुल्क को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की तैयारी माध्यमिक शिक्षा विभाग ने की है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

परीक्षार्थियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ मनोचिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श भी दिया जाएगा ताकि छात्र परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके तहत हर परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गयी है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव का प्रभाव अक्सर गंभीर समस्याओं का रूप ले लेता है। ऐसे में परीक्षार्थियों के लिए मनोचिकित्सा परामर्श सेवा की भी व्यवस्था की है।

### परीक्षार्थियों के डाटा अपलोडिंग में गलतियों की भरमार

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के आवे. दन फॉर्म भरते समय ऑनलाइन डाटा फीडिंग में निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने बड़ी लापरवाही की है। इससे रविवार को भी राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में कई निजी स्कूल प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि बच्चों के नाम और विषय में हुई त्रुटि को सुधरवाने के लिए पहुंचे हैं। कई स्कूल प्रबंधकों ने इसके लिए माफी भी मांगी है। बता दें इससे पहले जब ऑफलाइन प्रक्रिया होती थी, तो सभी त्रुटियों को बोर्ड के माथे मढ़ दिया जाता था, लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन फार्म भरे जाते हैं।

## अर्थ व्यापार

# वैश्विक बाजारों का सेंसेक्स निफ्टी पर रहेगा असर



**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 628.15 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.35 अंक यानी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ बढ़ोतरी के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी गई है। यह तनाव भारतीय बाजारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही पिछले सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली देखी गई है, जिससे बाजार में दबाव बना है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो आगे भी सेंसेक्स और निफ्टी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। एफआईआई फरवरी 2025 में अबतक कुल 36976.70 करोड़ रुपये बाजार से निकाल चुके हैं। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव भी घरेलू बाजारों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दाल व मीठे में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दाल और मीठे में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 124 रिंगिट उबलकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा।

इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चैंपियंस ट्रॉफी....**

बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। को. हली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बाल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

**केंद्र एडवोकेट...**

जाएगा। अभी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस करने वालों को ही कानूनी व्यवसाई माना जाता है। एक्ट 1961 की धारा 4 में संशोधन का प्रस्ताव है। इससे केंद्र को बीसीआई में निर्वाचित सदस्यों के साथ 3 सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे केंद्र कानून के प्रावधानों को लागू करने में बीसीआई को निर्देश दे सकेगी। मौजूदा स्थिति में बीसीआई के सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। बिल में एक नई धारा 33ए जोड़ी गई है। इसके मुताबिक अदालतों, ट्रिब्यूनल और अन्य प्राधिकरणों में वकालत करने वाले सभी वकीलों को उस बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा, जहां पर वे वकालत की प्रैक्टिस करते हैं। शहर बदलने पर वकील को 30 दिन के अंदर बार एसोसिएशन को बताना होगा। कोई वकील एक से ज्यादा बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं हो सकेगा। वकील को केवल एक ही बार एसोसिएशन में मतदान करने की अनुमति होगी। इसे वकील उनकी आजादी और वोट के अधिकार में केंद्र का दखल मान रहे हैं। अभी वकील एक साथ कई बार एसोसिएशन का सदस्य हो सकते हैं। सभी के चुनाव में वोट कर सकते हैं।

**मन की बात...**

और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स ने ये भी दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता। आज देश-भर में इन खेलों के कुछ यादगार प्रदर्शनों की खूब चर्चा है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सर्विस की टीम को मेरी बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूं।

# गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के शौकीन पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा से गुलमर्ग में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

कई स्कीयर हेली-स्कीइंग को प्राथमिकता देते हैं, भले ही उनके पसंदीदा स्थान सुलभ हों, लेकिन उच्च ऊंचाई वाले शुरुआती लबदुओं तक परिवहन की कमी के कारण उन्हें अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह नई सेवा उस समस्या का समाधान करेगी और उनके अनुभव को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज से न केवल हेली-स्कीइंग शुरू हो गई है, बल्कि जो पर्यटक दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आ रहे हैं, वे गुलमर्ग में अफरवत और सनशाइन चोटी सहित ऊंची चोटियों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इस बार हेलीकॉप्टर सेवा केवल सर्दियों के दौरान नहीं बल्कि पूरे साल पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलमर्ग अब न केवल गोंडोला केबल कार की सवारी, बल्कि साल भर पर्यटकों के लिए हेली-स्कीइंग और हेलीकॉप्टर सफारी सेवा के लिए भी जाना जायेगा और इससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम अभी विंटर गेम्स की तिथि की घोषणा करने की स्थिति में नहीं हैं। छब्बीस फरवरी के आसपास और तीन दिनों तक हिमपात होने का अनुमान है और उसके बाद स्की फेडरेशन के विशेषज्ञ ढलानों की जांच करेंगे और अगर उन्हें लगता है कि विंटर गेम्स आयोजित करने के लिए पर्याप्त बर्फ है, तो हम तारीखों की घोषणा करेंगे। मैं चाहता हूं कि अगर इस अवधि के दौरान पर्याप्त हिमपात होता है, तो खेल मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित किए जा सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसेः- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाइक और कैंटर की भिड़ंत में दो की मौत, बच्ची घायल

■ रतनपुरी क्षेत्र में हुई बाइक कैंटर की जबरदस्त भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में नदी पर बाइक और केंटर की भिड़ंत में बाइक सवार ताऊ और भतीजे की मौत हो गई और एक बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद दोनों मृतक लोगों का पुलिस ने पंचनामा भर भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बच्ची को गम्भीर हालत के चलते बुढाना अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ था। मृतक के बहनोई ने रतनपुरी थाने पर अज्ञात केंटर चालक के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की।



बागपत सकरौंद गांव निवासी मुश्ताक पुत्र इकरमुदिन ने रतनपुरी पुलिस को तहरीर देते हुय बताया कि उसका साला शहजाद पुत्र वली मोहम्मद, अपने ताऊ दीनमोहम्मद पुत्र सुल्तान और छोटी बच्ची इनाया के साथ अपनी रिश्तेदारी सठेड़ी मौत में जा रहे थे, जब ये लोग रतनपुरी थाने के पास नदी के पास पहुँचे तो इनकी बाइक में सामने से तेज रफ्तार से आये एक केंटर ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार शहजाद और उसके ताऊ दीन मोहम्मद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और छोटी बच्ची 8 वर्षीय इनाया गम्भीर रुप से घायल हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुँच दोनों मृतकों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और गम्भीर घायल इनाया को उपचार के लिए बुढाना अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे दूसरे अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। हादसे की सूचना के बाद मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुँच गए थे जिनका रो रो कर बुरा हाल था। हादसे के बाद मृतक शहजाद के बहनोई मुस्ताक ने रतनपुरी पुलिस को अज्ञात केंटर चालक के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर फरार केंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के बाद मृतको के परिवार में कोहराम मचा हुआ था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चल बसा नूर मौहम्मद

**मीरापुर।** ग्राम गढ़ी मुझेडा निवासी 65 वर्षीय नूर मोहम्मद की अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु हो गई, जबकि उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वे अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जेई (चारा) भरकर मुजफ्फरनगर बेचने जा रहे थे। नूर मोहम्मद पुत्र हसन अपने भतीजे आस मोहम्मद के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में जेई भरकर बेचने के लिए मुजफ्फरनगर जा रहे थे। जैसे ही वे जानसठ में बिजलीघर के पास पहुंचे, पीछे से एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर के मडगार्ड पर बैठे नूर मोहम्मद का संतुलन बिगड़ गया, और वह सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चला रहे आस मोहम्मद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद, अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल आस मोहम्मद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# शाहपुर में घर में घुसकर मारपीट, कई घायल

■ हमले का वीडियो वायरल होने पर पुलिस जागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** शाहपुर कस्बे के गोकलपुर मोहल्ले में शनिवार दोपहर बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना के वीडियो रविवार को सामने आए है, जिसमें लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से कुछ लोग एक पक्ष पर हमलावर होते दिखाई दे रहे हैं। इस विवाद में कई लोग घायल हुए हैं। वीडियो में एक अकेली महिला कई पुरुषों पर भारी पडघ्ती नजर आ रही है।

पढाई के दौरान हुआ विवाद जानकारी के मुताबिक, घर स्वामी सुशील सैनी की गैरमौजूदगी में उनकी बेटी काजल और भतीजा जितेंद्र पढाई कर रहे थे, जबकि मोहल्ले के ही दूसरे समुदाय के कुछ बच्चे खेल-कूद कर शोर मचा रहे थे। बच्चों को डांटकर वहां से भगाने के बाद मामला इतना बढघ् गया कि उनके परिजनों ने एक साथ हमला कर दिया।हमलावरों में महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और पत्थरों से पीडित पक्ष पर हमला कर दिया। इस दौरान जितेंद्र समेत कई लोग घायल हो गए। मौके पर जुटी भीड ने इस पूरी घटना को मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जिसके वीडियो अब सार्वजनिक हो रहे हैं।

पीडित पक्ष ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में शाहपुर थाना प्रभारी और बुढाना सीओ से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनके सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव नहीं हुआ।



मुजफ्फरनगर: शिव का जयघोष कर नगर से गुजरते कांवड़िए।

# आम बजट हर वर्ग के लिए उपयोगी

## मंत्री जसवंत सैनी ने विपक्ष को लिया आड़े हाथों

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने केंद्र व राज्य सरकार के आम बजट की खूबियां गिनाते हुए बजट को देश के कृषि उद्यमिता और बुनियादी ढांचे का आधार बताते हुए कहा कि 1995 से 2017 तक पिछले 8 साल में किसानों का भुगतान करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदश सरकार का बजट देश-प्रदेश की आर्थिक गति बढाने वाला है। जिससे सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। सपा और बसपा सरकारों में प्रदेश की 32 गन्ना फैक्ट्रियां बेची गई। सहारनपुर में तीन चीनी मिल बंद हो गई थी, लेकिन भाजपा शासन में तीनों को संचालित किया गया।

रविवार को गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों किसान भुगतान के लिए परेशान रहता था। आम बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बजट में किसानों के लिए गन्ना मूल्य अन्य बढाने और खेती के लिए विशेष पैकेज न दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य भले न बढा हो, लेकिन समय से किसानों का भुगतान सरकार करा रही है सरकार सबका साथ, सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। खाद्यान्न से लेकर उनके बच्चों की निशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था की गई है। एक लाख रुपये प्रति माह आय वालों को टैक्स में छूट दी गई है। इससे उनके एक साल में 70 हजार रुपये तक बचेंगे। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य पर सरकार का फोकस है। उन्होंन कहा कि नवाचार को बढावा दिया जा रहा है, जिसके चलते नए शिक्षण संस्थान बनाए जा रहे हैं। मेडिकल काले. जों में सीटें बढाई गई हैं और आने वाले समय में और सीटें बढेंगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, जिलाधयक्ष डा. सुधीर सैनी, डा. चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता पुरुषोत्तम, शरद शर्मा, मीडिया प्रभारी पवन अरोरा, सुनील दर्शन सहित कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



मुजफ्फरनगर: बजट के प्रावधानों पर चर्चा करते मंत्री जसवंत सैनी।

# कार की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

■ मीठाई खरीदने बस स्टैण्ड पर गया था बरला निवासी पाल्लू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** कार की टक्कर से पैदल व्यक्ति गम्भीर घायल हो गया, जिसका मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्र के गांव बरला निवासी पाल्लू पुत्र फक्कर रविवार को किसी काम से बस स्टैंड पर गया था, वहां से वापस लौटते समय वह मिठाई विक्रेता से मिठाई लेकर सडक पार कर रहा था तभी मुजफ्फरनगर की ओर से तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर वह डिवाइडर से टकरा कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। चालक कार सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां गम्भीर हालत देखते हुए उसे मेरठ के सुभारती मैडिकल कालेज में उपचार हेतु भेज दिया। गम्भीर घायल की हालत चिंताजनक बताई गई है।

छपार वासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में रोजाना सड़क दुर्घटनाएं बड़े स्तर पर हो रही है, लेकिन नेशनल हाईवे और पुलिस प्रशासन दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है। जिससे बेगुनाहों की जान जा रही है।

# 65 साल पुरानी रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा बदलने की तैयारी

## झांसी रानी पार्क के सौन्दर्यकरण पर खर्च होंगे डेढ़ करोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के सबसे प्राचीन पार्क झांसी की रानी पार्क का सौन्दर्यकरण और कायाकल्प करने की तैयारी पालिका प्रशासन ने की है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर पालिका प्रशासन झांसी की रानी महान विरांगना लक्ष्मीबाई की पुरानी प्रतिमा को हटाने के साथ ही कई नये कार्य कराने जा रहा हैं। जल्द ही शहर इस पार्क के आकर्षण से प्रभावित होगा और यहां पर रानी लक्ष्मीबाई की नई प्रतिमा भी देखेगा। इसके लिए निर्माण विभाग ने डीएम की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया है।

शहर के आकर्षण और पहचान बने झांसी रानी स्मारक पार्क करीब 65 साल पूर्व शहर के लोगों को सौगात के रूप में बनवाया गया था। टाउनहाल उस समय भी शहर के मुख्य बाजार के रूप में विकसित था। यह कई पुरानी मार्किट के बीच इसलिए बनाया गया ताकि यहां आने वाले शहर और गांव देहात के लोगों को कुछ देर विश्राम करने का अवसर मिले। रानी झांसी प्रतिमा के साथ बनवाया गया फव्वारा गर्मियों में लोगों को ठण्डी राहत देता रहा। इसका निर्माण और लोकार्पण उस दौर में सिटी बोर्ड के अध्यक्ष रहे केशव गुप्ता के कार्यकाल में हुआ।

केशव गुप्ता ऐसे अकेले नेता रहे, जो विधायक बनने के बाद चेयरमैन बने थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जिले के प्रथम विधायक केशव गुप्ता 1937 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गए थे। इसके बाद वह 14 नवंबर 1957 से 29 अप्रैल 1960 तक सिटी बोर्ड मुजफ्फरनगर के चेयरमैन रहे। इसके बाद वह 1962 में शहर से ही विधायक चुने गए। सिटी बोर्ड का चेयरमैन रहते हुए ही केशव गुप्ता ने झांसी रानी पार्क की स्थापना कराई और यहां पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगी थी। इसके उपरांत वित्तीय वर्ष 2007-08 में भाजपा के चेयरमैन कपिल देव अग्रवाल ने बोर्ड के 45 सभासदों के साथ मिलकर अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई स्मारक का सौन्दर्यकरण 12वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से कराया। उनके कार्यकाल में ही प्रतिमा को नया रंग रूप प्रदान किया गया। प्रतिमा के चारों ओर छोटी प्रतिमाएं लगाने के साथ ही प्रथम स्वतत्रंता आंदोलन पर आधारित कुछ भित्ती चित्र भी बनवाये गये। यहां दूसरा फव्वारा लगाया गया। बाद में कांग्रेसी चेयरमैन अंजू अग्रवाल के कार्यकाल में भी इस पार्क का सौन्दर्यकरण कार्य कराया गया, लेकिन वो पूरा नहीं हो पाया। अधूरा निर्माण होने के कारण यह पार्क आज बदहाल अवस्था में पहुंच चुका है। अब चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इसे नया आकर्षण बनाने का निर्णय लिया गया है।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी, महिला जख्मी

■ बुढ़ाना में कार के डिवाइडर पर चढ़ने से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक अनियंत्रित कार रविवार की रात डिवाइडर पर चढ गयी। जिसमें आई टेन कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार एक महिला भी जख्मी हो गयी। इस दौरान काफी लंबा जाम लग गया लेकिन मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस ने आई टेन कार को मौके से हटवाकर घायल महिला को सीएचसी भिजवाया और जाम खुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक मुजफरनगर की और से आ रहा था। जैसे ही उसने हिंडन नदी का पुल क्रास किया तो अचानक से कार पूरी तरह से अनियंत्रित हो गयी और डिवाइडर पर जा चढी। आसपास खडे लोगों ने इस दौरान यहां पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया, लेकिन कार में सवार लोगों का हाल तक भी नहीं पूछा कि कहीं उनको चोट तो नहीं लगी। कार में सवार घायल महिला को मौके पर आई बुढाना पुलिस ने हस्पताल भिजवाया और कार को डिवाइडर से बढ़ी मुश्किल से नीचे उतरवाकर तमाशबीन लोगों की वजह से लगे हुए जाम को खुलवाया आते जाते राहगीरों को राहत दी।

कार अनियंत्रित कैसे हुई इस बारे में कुछ पता नहीं लग पाया था। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## भारत की पाक पर जीत से शिव चौक पर मना जश्न

**मुजफ्फरनगर।** चैम्पियंन ट्रॉफी में हुए एक रौमांचक मुक. ाबले में आज भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के शानदार शतक के बलबुते अपनी चिर परिचित प्रतिद्वंदी पाकिस्तानी टीम को छह विकेट से हराकर क्रिकेट प्रेमियों का दिल बाग-बाग कर दिया। मैच देखने के लिए मुजफ्फरनगर से मनोज पुण्डीर सहित एक दर्जन से अधिक क्रिकेट प्रेमी दुबई गए हुए है। जिन्होने बताया कि मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह था। जीत होते ही बड़ी संख्या में लोग बाइकों पर सवार होकर शिव चौक पहुंचे जहां उन्होने आतीशबाजी की।



मुजफ्फरनगर: मन की बात साथियों संग सुनते मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

# ऑनलाइन हाजिरी में गैरहाजिरी रहे शिक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए गए कक्ष निरीक्षकों के साथ दो दिन पूर्व केंद्र व्यवस्थापकों ने बैठक ली, जिसकी आनलाइन हजारी हुई और रिपोर्ट डीआइओएस कार्यालय पहुंची। आनलाइन हाजरी में 100 से ज्यादा परिषदीय स्कूलों के शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिन्हें परीक्षा केंद्रों पर पहुं. चने के लिए बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनका नंबर भी जारी करने के लिए पत्र लिखा गया है।

सोमवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की परीक्षाएं शुरू हो रही है। जनपद में 72 परीक्षा केंद्रों पर पहली परीक्षा हिंदी विषय की होगी।

परीक्षा की तैयारियों में 72 केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं, जहां 2843 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें माधयमिक स्कूलों के 1448 और बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के 1395 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाया गया है। दो दिन पूर्व शनिवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों ने कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक ली, जिसके शासन की गाइडलाइन के अनुरूप आनलाइन हाजरी हुई। इसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी कक्ष निरीक्षक बैठक में पहुंचे और ड्यूटी को लेकर केंद्र व्यवस्थापकों को भरोसा देते हुए ड्यूटी के लिए आनलाइन हाजरी लगाई, लेकिन 1395 परिषदीय विद्यालयों के कक्ष निरीक्षकों में 100 से अधिक शिक्षक मीटिंग में नहीं पहुंचे, जिसके चलते आनला. इन हाजरी में वह पकड में आ गए। डीआईओएस कार्यालय से बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अनपुस्थित रहने वाले शिक्षकों से अवगत कराया।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जो शिक्षक मीटिंग में पहुंचकर आनलाइन हाजरी नही लगा सके। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह उन शिक्षकों को पहली परीक्षा के दिन ही केंद्रों पर ड्यूटी के लिए भेजे, उन्हें स्कूलों से रिलीव किया जाए।

# पटेलनगर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

■ जैन मंदिर में पूजा करने गई चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के मौहल्ला पटेलनगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर का रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान महावीर की महिमा का गुणगान किया। नगरपा. लिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीजी महावीर को श्रीफल भेंट करते हुए पूजा अर्चना की।

शहर के मौहल्ला मुनीम कॉलोनी पटेलनगर में स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर समिति द्वारा रविवार को मंदिर श्री का वार्षिक रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव पर नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप वार्ड सभासद सीमा जैन, पूर्व सभासद विकल्प जैन और अन्य श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री को श्रीफल भेंट करते हुए प्रार्थना की। इस दौरान चन्द्रमोहन जैन, हंस कुमार जैन, जितेन्द्र जैन टोनी, सतीश चन्द जैन, रवि जैन, अशोक जैन, विरेन्द्र जैन, सुरेश जैन सहित सैंकडों लोग उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के उपं. रात दोपहर बाद मंदिर परिसर से भगवान श्रीजी की भव्य रथयात्रा प्रारम्भ हुई, जो मंडी क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से गुजरी और वापस मंदिर परिसर पर पहुंचकर समाप्त हुई।



मुजफ्फरनगर: मुनीम कॉलोनी जैन मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

# पीएम मोदी की हर बात देश को बदलने वाली: कपिल देव अग्रवाल

**मुजफ्फरनगर।** मन की बात कार्यक्रम के 119 वे संस्करण को मंत्री कपिल देव अग्रवाल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मसात किया।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 119वे में संस्करण को माननीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल महामंत्री डॉ अनुज पचीसिया के आवास पर आत्मसात किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' के 119वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए, पीएम ने स्पेस सेक्टर, ऐआई , वन्य जीव संरक्षण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी विषयों पर बात की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय गर्ग, कुश पूरी, दीपक मित्तल, अमित सुधा, शलभ गर्ग, विवेक चौहान, मोहित मलिक, सतेंद्र बालियान, विनोद शर्मा, मनोज गोयल, नितेश गुप्ता, सुनील लोधी, पंकज कुमार, अमित विश्नोई, केशव मलिक, अनिल प्रजापति, आशीष शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ADMISSION OPEN

SHRI GURU RAM RAI PUBLIC SCHOOL

Roorkee Road, Muzaffarnagar, U.P.

Affiliated to CBSE, New Delhi
An English Medium Nursery to Class XII
Co. Educational School



सगे भाई-बहनों में दूसरे बच्चे को 50 प्रतिशत तथा तीसरे को 25 प्रतिशत की छूट

Contact No.:- 9634085131, 9410535894

Sanjay Lakhera (Principal)

# बी–टेक की छात्रा से चार ने किया दुष्कर्म

**■ लिफ्ट देने के बहाने की वारदात, चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र में कॉलेज से घर लौट रही छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बस स्टैंड पर पीडिता को गांव के ही युवक ने लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया। जहां से वह उसे जंगल की तरफ लेकर चला गया। पीडिता के अनुसार वहां पहले से मौजूद उसके तीन अन्य साथी भी मौजूद थे। जब आरोपी जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश कर रहा था तो वह तीनों उसका सहयोग कर रहे थे। किसी तरह घर पहुंचकर पीडिता ने परिजनों को



पूरी घटना बताई। पुलिस के मुताबिक, पीडिता बीटेक की छात्रा है, जो अभी बालिग नहीं है। आरोपी ने शनिवार को कॉलेज से घर लौटने के दौरान बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने वारदात को अंजाम दिया। पीडिता के परिवार वाले उसे लेकर चरथावल थाने पहुंचे।

पीडिता के पिता की तरफ से चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। जिस पर पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके तीनों साथियों के खिलाफ आगे मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। चरथावल थाना प्रभारी एवं अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी राजेश घुनावत ने मामले में केस दर्ज होने की पुष्टि की है। पुलिस ने पीडिता का मेडिकल परीक्षण कराया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। परिजनों ने आईपीएस अधिकारी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद खुद उन्होंने मौका–ए–वारदात पर पहुंचकर मुआयना भी किया चरथावल थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अभी सभी आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मामले से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

# संविधान बदलना चाहती है सरकार: हरेन्द्र

**■ शाहपुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे हरेन्द्र मलिक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत बुढाना विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर में सपा नेता सतेंद्र पाल द्वारा कल्पना चावला इंटर कॉलेज शाहपुर में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा की भाजपा सरकार चंद उद्योगपतियों के इशारों पर तलाशाही जारी रखने के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को लगातार कमजोर कर बदलना चाहती है। किसानों के खिलाफ काले कानून की साजिश रचने वाली भाजपा से किसानों के हितों की सोच की कल्पना नहीं की जा सकती युवाओं को नौकरी देने के बजाय उनके आरक्षण को खत्म करने की साजिश भाजपा लगातार रच रही है।

आज के समय में केवल समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही संविधान बचाने युवाओं के रोजगार आरक्षण तथा किसानों के हितों की लडाई लड रहे हैं। बाबा भीमराव अंबेडकर व किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों को लागू करने की समाजवादी पार्टी लडाई लडती रहेगी। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव विनय पाल समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी ने कहा की पिछडा दलित अल्पसंख्यक तथा वंचितों कमजोरों के अधिकारों तथा हिस्सेदारी लेने के संघर्ष से समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगे। देश में सर्व समाज के हितों की बात करने के लिए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की लोकप्रियता पूरे देश में बडी है जिसका उदाहरण लोकसभा चुनाव का परिणाम है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुढाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, समाजवादी पार्टी जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत, सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल, राहुल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा जाउल चौधरी, प्रदीप डबास सपा नेता इमलाक प्रधान, सपा छात्र सभा महानगर अध्यक्ष नदीम मलिक, सपा सोशल मीडिया इंचार्ज नवेद रंगरेज सहित क्षेत्रीय सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता व सैकड़ो क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती हवन यज्ञ कर मनाई

**जानसठ।** कस्बे में आर्य समाज मंदिर के निकट किल्ली दरवाजे के पास महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई जिसमें सबसे पहले प्रात: 8 बजे हवन पूजन किया गया और स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। रविवार को आर्य समाज मंदिर के निकट स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जयंती हवन यज्ञ कर मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए कहा। तदुपरांत हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ठाकुर प्रदीप राणा, अमित, अवनी सैनी, सुंदर सैनी, कपिल सैनी,राजीव गुप्ता मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: त्यागी सभा भवन में रक्तदान करते युवक।

# रक्तदान महादान के मार्ग पर चले 40 नौजवान

**■ त्यागी सभा भवन में अदम्य संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आज त्यागी सभा भवन फ्रेंड्स कॉलोनी में 'अदम्य सहयोगी संस्था' द्वाराआयोजित रक्तदान शिविर में सम्मानित रक्तदाताओं द्वारा आज शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें महिला रक्तदाता के रूप में प्रीति भारद्वाज जी ने रक्तदान किया साथ में मनोज कुमार, बॉबी त्यागी, विदित त्यागी, शेखर त्यागी,देवव्रत त्यागी, हिमांशु त्यागी, सुशील त्यागी, मयंक त्यागी, विषांक त्यागी, शोभित त्यागी,अभिषेक त्यागी, दिनेश त्यागी, आयुष्मान त्यागी, प्रवीण त्यागी (शुभम), मोनू, कुलदीप,आदि के साथ 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तवीर साथियों को प्रमोद त्यागी, राजीव गर्ग व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा देवव्रत त्यागी जी ने प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर के आयोजक सचिन त्यागी (पावटी) ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगी साथियों का धन्यवाद किया। और कहा कि आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेगों।



मुजफ्फरनगर: हरिद्वार से आए हुए कांवड़िए विश्राम करते हुए।

# 0238 प्रजाति के गन्ने की बुआई न करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल भसाना लिमिटेड के सहायक गन्ना महा प्रबंधक डाक्टर विकास बालियान रविवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मंदवाडा में स्थित गन्ना किसानों के खेतों में पहुंचे और खेतों में खडी हुई गन्ने की फसल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने मौके पर आए किसानों को बताया कि वे अब अपने खेतों में 0238 प्रजाति का गन्ना बिल्कुल भी ना बोएं क्योंकि इसमें रेड रोग लग गया है जो कि केंसर की तरह है। इसको छोडघ्कर गन्ने की जो भी अन्य वैरायटियां हैं जिनमें मुख्य रूप से 118, 13235, 17231, 18231 और 11015 आदि किस्में हैं उनकी बुआई की जाए। उन्होंने युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के खेतों की और भी रूख किया। जिसमें गन्ने के खेत में गन्ने की फसल के साथ खीरे की भी बुआई को देखकर आश्चर्य जताया और कहा कि एक खेत में एक ही समय में दो फसलों से किसान पूरी तरह से लाभांवित होगा। उन्होंने अन्य फसलों का भी निरीक्षण कर किसानों को कृषि संबंधी सलाह दी और कहा कि वे इस तरह से खेती करके खुशहाल होंगे। इस दौरान यहां पर गन्ना किसानों में मुख्य रूप से गुलजार अहमद, महबूब अली और डाक्टर हामिद सहित अन्य गन्ना किसानों की उपस्थिति देखने को मिली। इस दौरान सहायक गन्ना महाप्रबंधक डाक्टर विकास बालियान ने किसानों को कुछ सुझाव भी दिए।

# सर्विस सेंटर की दीवार तोड़कर कीमती सामान ले उड़े चोर

## भोपा मे नहीं थम रहा चोरों का आतंक, संघ पदाधिकारी के सर्विस सेंटर पर चोरी से हड़कंप

**■ बढ़ती चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में रोष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा–मुजफ्फरनगर मार्ग पर रहकडा पुलिया के पास चोरों ने बढ़े होंसलो का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी के सर्विस सेंटर को निशाना बनाया है। चोरो ने दीवार तोड़कर सर्विस सेंटर से लाखो के कीमती सामान को चुरा लिया है। एक पखवाडे मे चोरी की दो बड़ी घटनाओ से व्यापारियो मे हड़कंप मच गया है। संघ पदाधिकारी के पुत्र ने अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देकर शीघ्र और सही खुलासे की मांग की है। थाना व गांव भोपा मे मुजफ्फरनगर मार्ग पर राधा स्वामी सत्संग भवन के सामने सहित वाहन धुलाई के सर्विस सेंटर पर चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। सर्विस सेंटर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह सेवादास सिंह का है। शनिवार की शाम उनका पुत्र देववृत सेंटर को बंद कर अपने घर आ गया था। जब रविवार सुबह वह सेंटर पर पहुंचा तो पीछे की दीवार टूटी हुई थी और अंदर रखा जेनरेटर, ओलटीनेटर, एयर कंप्रेशर, पेनल सेट, प्रेशर वाशर आदि कीमती सामान चोरी हुआ पाया।चोरी की सूचना पर सेवादास, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल सहित सैकडो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं मौके पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी की।वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने घटना पर रोष जताते हुए। जल्द खुलासे की हिदायत पुलिस को दी है। देववृत ने अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।

### पंद्रह दिन पूर्व चोरी की घटना का नहीं हुआ खुलासा

**भोपा।** भोपा मे चोरी की घटनाओ का सिलसिला जारी है। बीते पांच फरवरी की रात चोरों ने थाने से पास किशनपुर निवासी फुरकान की इलेक्ट्रिक सजावट की दुकान से लाखों के कीमती सामान को चुराया था।

### नहीं आई डॉग स्कवायड की टीम

**भोपा।** सर्विस सेंटर पर हुई चोरी के बाद ग्रामीण फॉरेनसिक व डॉग स्कवायड टीम के आने की प्रतीक्षा मे थे। सेंटर के पास चोरो के पदचिन्ह आदि को देखकर व्यापारी मामले मे पुलिस द्वारा गंभीरता की आशा कर रहे थे।

# साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से हो पालन: संगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माधयम से बताया कि इस बार बुढाना कस्बे मे साप्ताहिक बन्दी का कड़ाई से पालन होना चाहिए। इसके अलावा साप्ताहिक बन्दी में दुकान खोलने के लाइसेंस भी निरस्त किए जाने चाहिएं हालांकि वे लोग अपनी दुकानों को नहीं खोलते हैं लेकिन एक दो दुकानदारों की वजह से देखा देखी में फिर कस्बे का पूरा बाजार खुलता चला जाता है।

पिछले सप्ताह हुई साप्ताहिक बंदी के दौरान प्रशासन की आंख मिचौली ओर ढील के चलते साप्ताहिक बंदी का और डीएम के निर्देशों का खूब माखौल उडाया गया और काफी दुकानदार पूरे ही दिन अपनी मनमानी पर ही उतारू रहे। सरकार की ओर से निर्धारित साप्ताहिक बन्दी के पक्ष में व्यापार मंडल पूरी तरह से सहयोगी है। साप्ताहिक बन्दी का पालन कडाई से लागू कराने के लिए उनका व्यापार मंडल जल्दी ही बुढाना एसडीएम से मिलेगा और उनसे आग्रह करेगा कि बुढाना कस्बे में साप्ताहिक बंदी का पालन पूर्ण रुप से कराया जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते साप्ताहिक बंदी मे डीएम के निर्देशों को धता बताते हुए काफी दुकानदारों द्वारा बाजार खोला गया था और प्रशासन शिकायत मिलने के बावजूद भी कुंभकर्णी नींद सोया हुआ था।

# हाथी पांव के उन्मूलन में सहयोग करेगा श्री राम ग्रुप

## श्री राम कॉलेज में लसीका फाइलेरिया रोग के उन्मूलन पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के इंजीनियरिंग संकाय में लसीका फाइलेरिया (हाथी पांव) के उन्मूलन पर व्याख्यान एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बीमारी से बचाव के सुझाव विशेष ने दिए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री राम ग्रुप आफ कालेज के संस्थापक डा. एससी कुलश्रेष्ठ, मुख्य अतिथि एवं वक्ता नगरपालिका के पूर्व चौयरमैन डा. सुभाष चन्द शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान डा. सुभाष चन्द शर्मा ने लसीका फाइलेरिया (हाथी पांव) के उन्मूलन को लेकर एक विशेष शैक्षिक सत्र और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता




को इस रोग के खतरों, बचाव के उपायों और सरकार द्वारा चलाई जा रही रोकथाम योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। डा. शर्मा ने बताया कि लसीका फाइलेरिया, जिसे हाथी पांव रोग भी कहा जाता है, परजीवी कीडघ्ें के संक्रमण से होने वाली एक गंभीर बीमारी है। यह मच्छरों के काटने से फैलती है और यदि समय रहते इलाज न किया जाए तो स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। डा. सुभाष चन्द शर्मा ने कहा कि लसीका फाइलेरिया पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। यदि सभी लोग सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त दवा का सेवन करें और बचाव के तरीकों को अपनाएं, तो हम इस बीमारी को जड से खत्म कर सकते हैं।

इस अवसर पर डा. एसएन चौहान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी को स्वयं तक ही सीमित न रखकर समाज में इसका प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम में निशु भारद्वाज, डा. अंजू त्यागी, पिंकी पाल आदि का सहयोग रहा।

## तमंचे सप्लाई करने वाला युवक गिरफ्तार

**बुढाना।** अवैध तमंचे सप्लाई कर आपराधिक वारदातों को बढावा देने वाले एक युवक को बुढाना पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेते हुए जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने युवक के पास से 5 अवैध तमंचे और 5 कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देश पर बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने रविवार के दिन बुढाना कस्बा पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कसाना, सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह और हरीश पाल सिंह के सहयोग से गश्त करने के दौरान किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एक संदिग्ध युवक को बडौत रोड वाया बडकता मार्ग पुलिया से घेरकर पकड लिया। पूछताछ के दोरान युवक ने अपना नाम मयंक कुमार उर्फ सागर पुत्र रविन्द्र कुमार निवासी गांव नसीरपुर हाल निवासी मौहल्ला कृष्णापुरी बुढाना बताया। पुलिस ने युवक को लिखापढी के बाद जेल भेज दिया।

# पुरकाजी में दो दिवसीय आयुर्वेदिक न्यूरोथैरेपी कैम्प का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** चेयरमैन जहीर फारुकी के नेतृत्व में कस्बा पुरकाजी में कल और आज दो दिवसीय आयुर्वेदिक न्यूरोथैरेपी कैम्प लगाया गया था मुजफ्फरनगर के डॉक्टर अमित कुमार और डॉक्टर दिनेश कुमार के साथ दर्जन भर स्टाफ ने दो दिन में 252 मरीजों को देखा जिनमें 180 महिलाएं और 72 पुरुष शामिल थे स्वास्थ्य कैम्प में गर्दन कोहनी दर्द, कमर दर्द एनसाइटिका, घुटना जाम, कंधा दर्द, एडी दर्द के मरीजों को मौके पर ही दर्द आराम मिला है कई मरीज लंगडाकर आए थे और सही चलकर गए हैं कई महिलाओं और पुरुषों के हाथ ऊपर नहीं उठ पा रहे थे लेकिन दोनों योग्य डॉक्टरों की थेरेपी से मौके पर ही उनके हाथ पांव चलते हुए गए हैं पुरकाजी के मरीजों ने इस। कैंप का भरपूर लाभ




लिया है सद्दाम फरीदी, और गुलशन ने बताया कि उनका हाथ कोहनी से ऊपर तक नहीं उठ रहा था और कमर में बहुत दर्द था लेकिन थेरेपी के बाद दर्द गायब है और हाथ आराम से ऊपर तक जा रहा है। चेयरमैन जहीर फारुकी ने फीता काटकर कल शुभारम्भ किया था और आज इस कामयाब कैम्प का का समापन हुआ है चेयरमैन जहीर फारुकी ने पूरे पुरकाजी की तरफ से डॉक्टर अमित कुमार और डॉक्टर दिनेश कुमार सहित उनकी पूरी टीम का पुरकाजी वालो को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# रणजीत सिंह सैनी ने यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता की प्राप्त

**■ अलमासपुर गांव के निवासी हैं रणजीत सिंह सैनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यूजीसी एव एनटीए के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी नेट की परीक्षा का आयोजन कराया जाता है जिसमें दिसंबर 2024 में आयोजित कराई गई परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया। मुजफ्फरनगर के अलमासपुर क्षेत्र के सुख विहार कॉलोनी में रहने वाले रणजीत सिंह सैनी विनायक विद्यापीठ डिग्री कॉलेज मोदीपुरम में शिक्षा संकाय



में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है जो लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं इनको पहले भी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इन्होंने यूजीसी नेट दिसंबर 2024 की शिक्षा शास्त्र विषय की परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इस परीक्षा का परिणाम आज जारी किया गया जिसमें उन्होंने 72.37 परसेंटाइल रैंक के साथ सफलता प्राप्त कर अपने नगर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनको विनायक विद्यापीठ कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. अनुप्रीता शर्मा और कॉलेज के डायरेक्टर इंजी. विकास कुमार और कॉलेज के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों के लिए संघर्ष करेगी भाकियू अम्बावता: चौ. ऋषिपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता का मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष चौं, जीशान सिद्दीकी एवं उनकी टीम ने किया जोरदार स्वागत आपको बता दें आज मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष चौधरी जीशान सिद्दीकी के जिला कार्यालय का उद्घाटन का कार्यक्रम बडी धूम धाम के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषि पाल अंबावता ने जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं मुजफ्फरनगर की टीम की पीठ थपथपाई राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहां मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष चौधरी जीशान सिद्दीकी एवं उनकी टीम जनपद में किसान एवं मजदूर की हक की लडाई बडी निष्पक्ष तरीके से और ईमानदारी के साथ लड रही है मुझे गर्व है मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष



चौधरी जीशान सिद्दीकी पर कि इन्होंने जनपद मुजफ्फरनगर में संगठन को बढ़ाने का कार्य किया एवं किसान मजदूर की लडाई भारतीय किसान यूनियन अंबावता के बैनर के तले लोगों की समस्या सुनकर उनका समाधान करते हैं एवं उनके हक की लडाई लडते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय अधयक्ष चौधरी ऋषि पाल अंबावता ने सरकार को घेरते हुए कहा कि किसान की एवं मजदूरों की अनदेखी सरकार की आदत बन गई है महाकुंभ को लेकर भी तंज काश्ते नजर आए ऋषिपाल अंबावता ने कहां अडानी अम्बानी के कहने पर सरकार चल रही हैं इस लिए किसान की अनदेखी हो रही हैं एमएसपी को लेकर कहीं बडी बात कहां प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि गारंटी कानून लागू किया जाएगा लेकिन यह सिर्फ किसानों के साथ एक बडा मजाक था जिसको किसान मजदूर कभी माफ नहीं कर सकते लडाई लडते रहेंगे और अपना अधिकार लेकर रहेंगे इसके लिए चाहे हमें कुछ भी करना पडे धरने करेंगे प्रदर्शन करेंगे सरकार से लडते रहेंगे इस दौरान मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष चौधरी जीशान सिद्दीकी ने जिला कार्यालय के उद्घाटन के दौरान आए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और कहा यह है जिला कार्यालय किसान और मजदूर को उनका अधिकार दिलाने का काम करेगा चौधरी जीशान सिद्दीकी ने कहा की कुछ लोग संगठन की आड में अवैध कार्य कर रहे हैं उनके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा एवं जो निष्पक्ष तरीके से किसान और मजदूर की लडाई लड रहे हैं उनको पूरी तरह से समर्थन किया जाएगा कहीं भी किसान या मजदूर पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष रविंदर प्रधान, निशांत यादव, संदीप गुर्जर अमित कसाना गुड्डू गुर्जर मनोज प्रधान दीपक यादव साबिर गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष ताज मोहम्मद, जिला सलाहकार नूर मोहम्मद पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष शादाब, जिला मंत्री रोशन सिद्दीकी, जिला महासचिव एजाज सलमानी सलीम सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष हाजी मुन्ना आदि मौजूद रहे।

**जन्म तिथि संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री **हिबा खान** (जो कक्षा 8 में पढ़ती है) के शैक्षिक प्रमाण पत्रो में त्रुटिवश जन्म तिथि 1 मई 2011 दर्ज हो गई है जोकि गलत है मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि जन्म प्रमाण पत्र के हिसाब से **5 जनवरी 2011** है। भविष्य में मेरी पुत्री की जन्मतिथि **5 जनवरी 2011** मानी जाए।

**मो0 शादाब खान पुत्र अखलाक अहमद खान,**
निवासी–मकान नंबर 1565,
योगेन्द्रपुरी, रहमतनगर फव्वारा के पास, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।

# बाइक ने मारी पीछे से टक्कर, कांवड़िया घायल

■ हरिद्वार से गंगाजल लेकर सोनीपत जा रहा था शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे पर टोल के निकट एक विक्की बाइक ने पीछे से एक कावडिये को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। विक्की चालक को भी चोटें आई। पुलिस ने दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायल के मामा ने अज्ञात विक्की के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को हरियाणा के जनपद सोनीपत गांव चिलताना निवासी रितिक हरिद्वार से अपने साथियों के साथ कावड़ में गंगाजल लेकर पैदल चल रहा था। रात्रि में जब वे टोल के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रही एक विक्की बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। विक्की चालक अब्दुल अजीज भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। रितिक के मामा कुतुबगढ़ दिल्ली निवासी रोहित राजा ने अज्ञात विक्की के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया गया है वहां पुलिस ड्यूटी पर थोडे कर्मचारी लगाये गये है उनकी लापरवाही से दुर्घटना हुई है। पुलिस का कहना है कि भीड बढ रही है ऐतिहात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस लगाई जा रही है।

# बेर तोड़ने के बहाने बालिका से दुष्कर्म

■ चार बाल अपचारियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बेर तोड़ने के बहाने सात वर्षीय बालिका को जंगल में ले जाकर दूसरे संप्रदाय के चार बालकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर परिजन जंगल में पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर चारों बाल अपचारियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में बीते शनिवार की शाम चार बच्चे गांव के ही अन्य बच्चों को साथ लेकर बेर तोडने के लिए जंगल में ले गए जहां पर चार बच्चों ने अन्य बच्चों को घर भेज दिया तथा सात वर्षीय बालिका को वही रोक लिया चारों बच्चों ने बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।बच्चों ने घर आकर परिजनों को बताया परिजन जंगल में पहुंचे तथा बालिका को लेकर घर आए बालिका ने अपने साथ घटी घटना के बारे में बताया परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारो बच्चों को हिरासत मे ले लिया पुलिस ने बाल अपचारियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रविवार को न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया।

क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया की बालिका के साथ दुष्कर्म की तहरीर प्राप्त हुई थी। चार बाल अपचारियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## शौच के लिए बाहर गई किशोरी से छेड़छाड़

**भोपा।** शौच के लिए गयी युवती को दो किशोरों ने रास्ते मे खींचकर छेडछाड कर अश्लील हरकते की।परिजन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू का दी है। गांव में एक किशोरी दिशा शौच के लिए घर के पास ही जंगल में गई थी। जब वह वापिस लौट रही थी तो गांव निवासी दो किशोरों ने उसे रोक लिया और अश्लील हरकते करते हुए उसके साथ छेडछाड की। किशोरी ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपनी माता को दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




चरथावल: एनएसएस से जुड़े छात्र-छात्राएं पौधारोपण करते हुए।



बारात की तैयारियों में जुटे शाकुम्भरी देवी सामूहिक विवाह उत्साव कमेटी के पदाधिकारी।

# चरथावल में तीसरे दिन छात्रों ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का तीसरे दिन का विधिवत शुभारंभ महाविद्यालय सचिव राकेश वशिष्ठ द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात प्रथम यूनिट प्रभारी एवं कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह व द्वितीय यूनिट प्रभारी सुमित नागयान द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाया गया और सेवक सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत उठ उठ सौराष्ट्र के लिए प्रस्तुत किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के अंतर्गत जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व को बताया इस शिविर में प्रथम यूनिट के सेवक सेविकाओं ने नगला राई के रविदास मंदिर में जाकर जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कैसे किया जाता है अभियान चलाया तथा द्वितीय यूनिट सेवक सेविकाओं ने चरथावल के बाल्मीकि बस्ती में जाकर लोगों को जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के संबंध में सुरक्षा के लिए शिक्षित किया इस शिविर में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि, काजल, मेहविश, विशाखा पुंडीर तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा नंदनी, रिया शर्मा, सृष्टि, निशा, पायल त्यागी, आयुषी त्यागी, शिवानी शर्मा तथा सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संबंध में लोगों को अवगत कराया कॉलेज प्रवक्ता अंशुल अग्रवाल, विनीत कुमार, सुनील कुमार, तरबिया अली, मधु पुंडीर, ऋषिपाल सिंह, सुखपाल सिंह, तिरसपाल आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

## कांवड़ियों के लिए सजाई नगर पंचायत

**बुढाना।** महाशिवरात्रि पर्व के आसपास बुढाना कस्बे में हजारों की संख्या में शिव भक्त कांवड लेकर आने शुरु हो जाते हैं। रविवार के दिन बुढाना नगर पंचायत का परिसर कांवडियों से घिरा हुआ दिखा। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवडों में गंगाजल भरकर यहां पर आते हैं और विश्राम कर अपने गंतव्य की और बढ़ते चले जाते हैं। कुछ स्थानीय दुकानदारों के द्वारा कांवड सजाने की अस्थाई दुकाने लगाई गयी हैं। महा. शिवरात्रि पर्व पर कई हजार शिव भक्तों के आने की संभावना बनी हुई है।

नगर पंचायत परिसर में लगे शिविर में प्रशासन की ओर से चिकित्सा ओर एंबुलेंस की भी पूरी व्यवस्था की हुई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### संक्रमित रोगों से बचाव की दी जानकारी

**खतौली।** विद्योत्तमा कन्या महाविद्यालय गंगधाडी खतौली में गांव याहियापुर में चल रहे द्वितीय यूनिट के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन छात्राओं ने विभिन्न संक्रमित रोगों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां रैली के माधयमसे दी। एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा ने छात्राओं को बताया कि हमें कैसे संक्रमित रोगों से बचाव करना चाहिए। वह अपने शरीर को साफ वस्वच्छ रखना चाहिए ।खाना खाने से पहले वह बाद में हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। खाने पीने की वस्तुओं को हमेशा ढक कर रखना चाहिए। उन्हें खुला नहीं छोडना चाहिए। अधिक से अधिक हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए द्वितीय यूनिट की सभी छात्राओं एनएसएस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा जी तथा प्रवक्ता रीना चौधरी का विशेष सहयोग रहा।

### 245 में से 56 मरीजों में पाया मोतियाबिंद

**भोपा।** गाँव मुझेड़ा में अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से डॉव योगेंद्र प्रजापति द्वारा विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि अति पिछडा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा है कि अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह प्रजापति की मुहिम अंधकार से प्रकाश की ओर के तहत नेत्र हीन लोगों के जीवन से अंधकार दूर किया जा रहा है और ट्रस्ट द्वारा बडे स्तर पर मोतियाबिंद के मरीजों की आँखें बनवा कर उनके जीवन में उजाला भरा जा रहा वही नेत्रहीन लोगों के जीवन में उजाला भरना एक परोपकारी कार्य हे अब ट्रस्ट द्वारा हर सप्ताह शहरी व ग्रामीण क्षेत्र दर्जनों शिविर लगाए जा रहे हे ताकि गरीब असहाय मजदूर लोगो की ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके वहीं मुहिम अंधकार से प्रकाश की ओर मुहिम से हजारों नेत्रहीन लोगों के जीवन में प्रकाश आ चुका हे वहीं डॉ योगेन्द्र प्रजापति ने बताया गया हे कि शिविर में महेश इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून द्वारा आई टीम के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा 245 लोगों की नेत्र जॉच की गई जिसमें 56 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनको शुगर जांच के बाद बस द्वारा देहरादून लेजाया जायेगा और निशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष गौतम कुमार सैन, डॉव सचिन पाल,प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, महासचिव सचिन प्रजापति, युवा नेता बिट्टू प्रजापति, डॉ शाकिब अली, डॉ, इकबाल, डॉ. सागर, डॉ. विनीत, डॉ. पीयूष, नरेश मौजूद रहे।

### खुशी को अफ्रीका डाक्यूमेंट्री के लिए किया कास्ट

**बुढाना।** एक्ट्रेस खुशी सुमन अब शायद किसी भी परिचय की मोहताज नहीं रही। जल्दी ही वह एक अफ्रीका डाक्यूमेंट्री में दिखाई देंगी। इसके लिए आज नई दिल्ली में आए साऊथ अफीका के केपटाउन के एक अफीकन मूवी डायरेक्टर निकोलस ने खुशी सुमन को कास्ट कर लिया है। जल्दी ही इसकी शूटिंग नई दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी की जाएगी। सबसे बडी खुशी की बात यह भी है कि एक्ट्रेस खुशी सुमन स्टार मोडलिंग एक्टिंग एजेंसी से जुडी हुई हैं। खुशी सुमन के अपकमिंग प्रोजेक्ट में वेब सीरीज के साथ साथ म्यूजिक एल्बम भी हैं। इनके लिए भी खुशी सुमन को साइन कर लिया गया है। खुशी सुमन का सपना है कि वे बालीवुड की बडी अभिनेत्री के तौर पर विश्व भर में जानी पहच. ानी जाएं। खुशी सुमन जल्दी ही एक टीवी सीरियल में भी दिखाई देने वाली हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जन्मी खुशी सुमन फिलहाल देहली आई हुई हैं। जो ब्रांडिड शूट के लिए आई हुई हैं। खुशी सुमन ने अभी हाल ही में एक मशहूर चौनल के लिए पोडकास्ट और ब्रांड प्रमोशन शूट किए हैं। इसके अलावा और भी काफी आफर आ रहे हैं। खुशी सुमन से हुई बातचीत के आधार पर वह फिल्मों में अंग प्रदर्शन को बिल्कुल भी बुरा नहीं मानती हैं क्योंकि इस तरह के सीन्स आज के इस दौर मे पब्लिक की मांग है। जल्दी ही खुशी सुमन उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी ऐसी कुछ खबर सुनने को मिली है।

### कुलदेवी दर्शन के लिए अग्रोहा हुए रवाना

**बुढाना।** कस्बे के पारसी बस स्टैंड से एक बडी बस वैश्य समाज के दर्जनों लोगों को लेकर रविवार सुबह कुल देवी के दर्शन के लिए अग्रोहा के लिए रवाना हुई। जिसको अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने अपने कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खुद भी गये। उन्होंने बताया कि सभी अग्रवाल बन्धु वहां पर पहले तालाब में स्नान करेंगे। फिर कुल देवी की पूजा करके तिलक लगाएंगे। छप्पन भोग भी लगाया जाएगा। मुख्य रूप से धर्म प्रेमी संजीव कुमार संगल, लाला पप्पू, लाला राजपाल, लाला सतीश नमक, संदीप बंसल शाहपुर, अनुराग लाला, अम्बरीश लाला, अमित लाला, सलेक लाला, राजकुमार लाला, बबलेश लाला, बोबी, राधेश्याम लाला, दीपक, ठेकेदार कृष्ण गोपाल, अजय गोयल, रामनिवास और कल्लू आदि धर्मप्रेमी रवाना हुए।

### मीरांपुर में तीन ट्यूबवैल चोर गिरफ्तार

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर के जंगल में स्थित पांच ट्यूबवेलों से केबल और स्टार्टर चोरी किए गए थे। इस संबंध में थाना मीरापुर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने 23 फरवरी 2025 को डिगडेरा रोड, मीरापुर से सतीश उर्फ हवालदार पुत्र सुखबीर, रोहित पुत्र नत्थन, निवासीगण ग्राम कुतुबपुर व वसीम पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला कोटला, मीरापुर को गिरफ्तार किया जबकि रिजवान पुत्र कालू निवासी ग्राम कुतुबपुर, फरार बताया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते चालान कर दिया है।

# क्षेत्रीय विकास मंच के अध्यक्ष टीटू ने की रतनपुरी पुलिस की सराहना

■ पुलिस ने किसान के हमलावरों को मुठभेड़ में दबोचा एक को किया लंगड़ा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को रतनपुरी पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान विगत दिनों सठेडी निवासी किसान जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों को दबोच कर एक बदमाश के पैर में गोली मार दी। रतनपुरी पुलिस की इस कार्रवाई को देख खतौली के नेता क्षेत्रीय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजबीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने रतनपुरी पुलिस की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

शनिवार को रतनपुरी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों की घेराबंदी करने के बाद पुलिस ने एक बदमाश के दोनों पैरों में गोली मारकर दबोच लिया वही उसके दूसरे साथी बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया। बता दे की विगत बुधवार को सठेडी गांव में कार सवार बदमाशों द्वारा गांव के ही प्रवीण पर तमंचा तानकर उसे पर फायर झोंक दिया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। रतनपुरी पुलिस द्वार की गई इस कार्रवाई को देख कस्बा खतौली के नेता राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू बे रतनपुरी पुलिस की सराहना की उन्होंने कहा कि क्राइम को जड से खत्म करना है तो पुलिस को हथियार उठाने पडेंगे जब-जब पुलिस ने हथियार उठाए हैं तब तक बदमाश या तो जेल में है या फिर नरक में है। राजवीर सिंह वर्मा ने कहा कि रतनपुरी पुलिस ने किसान के हमलावरों को गिरफ्तार कर खाकी का मान बढाया है।

# स्वयं सेवकों व अधिकारियों ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ गंगा घाट पर जिलाधिकारी ने जनप्रति. निधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व कॉलेज की छात्राओं संग स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार की सुबह आयोजित कार्यक्रम मे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रशासन गंगा स्वच्छता को लेकर प्रतिबद्ध है। गंगा सफाई का कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक रविवार को प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों व जन सहयोग से शुकतीर्थ में गंगा सफाई करेंगे, जिससे गंगा को अधिक से अधिक साफ किया जा सके। युवाओं के साथ मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। यह पहल केवल सफाई तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को समाज कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। शुकतीर्थ गंगा घाट पर प्रशासन द्वारा निरंकारी मिशन के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। निरंकारी मिशन के लगभग 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने मुख्य गंगा घाट व गंगा की सफाई की। स्वयंसेवकों ने गंगा घाट पर फैली गंदगी, फटे पुराने कपडे, गंगा से जलकुम्भी आदि की साफ सफाई की। जिलाधिकारी ने कारगिल शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया। शुकदेव आश्रम पहुंचकर वट वृक्ष की परिक्रमा कर शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की तथा संस्कृत विद्यालय में पौधारोपण किया।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार, डीएफओ कन्हैयालाल पटेल, तहसीलदार सतीशचंद बघेल, ईओ आलोक रंजन, जिला परियोजना अधिकारी हर्ष बालियान, डिप्टी रेंजर दीपक कुमार, एडीओ पंचायत योगेश्वरदत्त त्यागी, निरंकारी मिशन के सुशील अंश, फैसल अली, मोहित गौतम, अशरफ अली, उपेन्द्र, जोगेन्द्र, संजीव कुमार, प्रांजल, सुचित्रक, प्रेम, राजकुमार, डॉ. महकार सिंह, रविन्द्र उर्फ छोटा प्रधान, दिनेश राठी, प्रेमशंकर मिश्रा, राजकुमार प्रधान, प्रबन्धक देवेन्द्र, राजकुमार प्रधान, संजय चौहान, पं. विनोद शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के सनोज कुमार, अलका पुंडीर, मोनिका तेजियन, सोनिया शर्मा, संगीता, रविता, अंशुल कुमार, कपिल कुमार, अनिकेत आदि उपस्थित रहे।

## लोगों की मांग है कि इस बार दलित बने कांग्रेस जिलाध्यक्षः पूर्व सीएमओ

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससी-एसटी सेल के उत्तर प्रदेश के सचिव और पूर्व सीएमओ डाक्टर जगबीर सिंह ने साफ तौर पर कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद में इस बार जब भी कांग्रेस के नये जिला अध्यक्ष का चुनाव हो तो उसमें दलित समाज के व्यक्ति को ही जिला अध्यक्ष बनाया जाए और वह खुद ही इस पद के लिए जिले की जनता की नजरों में बहुत ही उपयुक्त हैं।

जनता की डिमांड भी ये ही हैं कि इस बार कांग्रेस का जिलाध्यक्ष दलित समाज से हो। उन्होंने यह बात मुजफ्फरनगर कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी अनिल दत्त शर्मा की बिटिया विदूषी शर्मा के शादी समारोह के दौरान बुढाना कस्बे के बडौत रोड पर स्थित प्रेम पैलेस में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सईदुज्जमा के समक्ष कही और कहा कि वे दलित जिलाध्यक्ष की पैरवी करें। जिस पर सईदुज्जमा ने उनको आश्वासन दिया और कहा कि वे इसके लिए उच्चस्तर के नेताओं से बात करेंगे। यहां उन्होंने सईदुज्जमा से कांग्रेस को मजबूत करने पर भी विचार विमर्श किया। पूर्व सीएमओ ने कहा कि कांग्रेस मे दलित समाज को सम्मान मिले तो फिर वो इधर उधर ही क्यों जाएगा।

ताज्जुब तो इस बात का है कि दलित समाज का जिला अधयक्ष मुजफ्फरनगर में अब तक बनाया ही नही गया जो कि बडऺे ही दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने प्रदेश हाईकमान से आग्रह किया कि वे नाकारा पदाधिकारियों को हटाने का काम करें ताकि कांग्रेस पार्टी का खोया हुआ जनाधार बढ़ सके और आगामी समय में कांग्रेस पार्टी फिर से केंद्र में आसीन हो।

# कारगिल बलिदानी स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में गंगा तट स्थित कारगिल बलिदानी स्मारक पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज के सानिध्य में डीएम उमेश मिश्रा ने मातृभूमि की रक्षा को कारगिल युद्ध में बलिदान हुए 527 सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएम ने कहा कि छात्र-छात्राओं को कारगिल युद्ध के विषय में बताया जाये, ताकि युवा देशभक्त और साहसी बनें। राष्ट्र शहीद सैनिकों का ऋणी है। उन्होंने शिक्षा ऋषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव के साथ चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डीएम मिश्रा ने कहा कि विजयंत टैंक का भव्य सौन्दर्यकरण और कारगिल स्मारक पर सौर ऊर्जा से विधुत व्यवस्था कराएंगे। स्वामी ओमानन्द ने जिलाधिकारी से शुकदेव सेतु से गंगा घाट तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव रखा। डीएम मिश्रा ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं हेतु घाट पर कम ऊंची सीढ़ियों सहित रैम्प बनाने का भरोसा दिया।

कारगिल स्मारक से डीएम उमेश मिश्रा भागवत पीठ शुकदेव आश्रम पधारे। उन्होंने शुकदेव संस्कृत माधयमिक विद्यालय में आम का पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य गिरीश चंद उप्रेती, आचार्य अरुण और विद्यार्थियों ने मंत्रपाठ किया। डीएम ने पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द के मार्गदर्शन में तीर्थ के विकास को भव्य और दिव्य बनाने का संकल्प लिया। तीर्थ में परिक्रमा मार्ग के निर्माण को लेकर उन्होंने भौगोलिक अवलोकन भी किया। डीएम ने अक्षय वट की परिक्रमा कर शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने तीर्थ जीर्णोद्धारक स्वामी कल्याणदेव की स्मृति को नमन किया। ट्रस्टी ओमदत्त देव, कथा व्यास सुमन कृष्ण शास्त्री, आचार्य अरुण, ठाकुर, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खतौली में आएगी 21 कन्याओं की बारात

## शाकुम्भरी देवी सामूहिक विवाह उत्सव कमेटी ने की तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शाकुंभरी देवी सामूहिक विवाह उत्सव कमेटी द्वारा कस्बे में एक किस कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें खतौली में एक साथ 21 कन्याओं की बारात निकल जाएगी। रविवार को कमेटी के पदाधिकारी द्वारा प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

रविवार को मां शाकुंभरी देवी विवाह उत्सव कमेटी द्वारा प्रेस वार्ता कर विवाह उत्सव के बारे में जानकारी देते हुय बताया कि 1 मार्च को मां शाकुंभरी देवी विवाह उत्सव कमेटी वंदना जागरण मंडल राजकुमार और पार्टी द्वारा कस्बा खतौली में एक साथ 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के असहाय परिवार की कन्याओं का विवाह कमेटी द्वारा कराया जाएगा।

विवाह में कन्याओं के परिवार में जीवन यापन करने के लिए दहेज के रूप में सभी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी। इसी आयोजन की कडी में 28 फरवरी को माता की चौकी का आयोजन भवानी धर्मशाला भवानी नगर में जाएगा। उसके बाद 1 मार्च को सुबह वर पक्ष के लोग भवानी धर्मशाला में बैंड बाजो के साथ संयुक्त रूप से विवाह स्थल आर के फार्म बुआडा रोड पर पहुंचेंगे। जहाँ से नगर में सभी वर वधु की बैंड बाजों के साथ बारात निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कमल गर्ग, सतीश कंसल, समिति अध्यक्ष राजकुमार निकास, धर्मेंद्र तोमर, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, मदन छाबडा, मुकेश जैन स्रर्राफ, सुशील सैनी, राजेश वर्मा, नीरज बिट्टू, जयपाल पेंटर, विकास कौशिक, महेश सैनी, देवेंद्र अग्रवाल, संजय भुर्जी, प्रवीण ठकराल, हरिओम टंडन, मुकेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक सतीश कुमार, अध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री गौरव शर्मा, धर्मेंद्र तोमर, कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा, सुशील सैनी आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# योगी राज में पुलिस की फर्जी मुठभेड़ की तस्वीर आई सामने

■ आरोपी के दिन में सरेंडर के बाद रात में मारी गोली

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी पुलिस दो दिन तक लगातार की गई मुठभेड़ में भले ही किसान किसान के हमलावर सभी बदमाशों में से दो बदमाशों को लगड़ा कर गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज कर वाहवाही लूटी रही है लेकिन दोनों मुठभेडों में रतनपुरी पुलिस की बड़ी लपरवाही और चूक भी सामने आ गई। शनिवार की देर रात रतनपुरी पुलिस द्वारा की गई मुठभेड़ को आरोपी आमिर के परिजनों ने पूरी तरह से फर्जी मुठभेड़ करने का आरोप लगाया है। गोली लगे आरोपी के परिजनों ने बताया कि घटना में आरोपी युवक आमिर को मुठभेड से पहले ही थाने पर सरेंडर कर दिया गया था उसके बाद भी पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी थी। परिजनों ने कहा कि रतनपुरी पुलिस की इस कार्रवाई की शिकायत मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट से इंसाफ की गुहार लगाई जाएगी।

रतनपुरी पुलिस सठेड़ी निवासी प्रवीण राजपूत पर कार सवार चार बदमाशों द्वारा किये गए जान लेवा हमले की घटना का खुलासा करते हुय दो बदमाशों के पैरों में गोली मार कर सभी आरोपियों को जेल भेज कर अधिकारियों से वाहवाही लूटी रही है। लेकिन वही शनिवार की रात रतनपुरी पुलिस द्वारा की गई मुठभेड़ ने कुछ और ही कहानी बया की जिसमें पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ करने का आरोप लग रहा है।

बता दे कि शनिवार को दिन के समय रतनपुरी पुलिस ने किसान प्रवीण के हमलावरों में से दो आरोपियों अमन और आकाश को मुठभेड़ में दबोच कर आकाश के पैर में गोली मार कर पहले ही जेल भेज चुकी थी। वही पुलिस ने शनिवार की रात में ही दूसरी मुठभेड़ में आमिर पुत्र मेराजुद्दीन और पारस पुत्र ईश्वर गिरफ्तार कर आमिर के पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर जेल भेज कर घटना की फाइल क्लोज कर अधिकारियों की वाहवाही लूटी रही थी। लेकिन इस मुठभेड़ की कुछ और ही हकीकत सामने आई है जिसमें योगी सरकार में फर्जी मुठभेड़ करने का मामला सामने आया है। गोली लगे बदमाश के परिजनों ने रतनपुरी पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुय आमिर के साथ फर्जी मुठभेड़ करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना था कि पुलिस उन पर लगातार आमिर को हिरासत में देने का दबाव बनाया जा रहा था जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को आश्वासन देते हुय आरोपी आमिर को पुलिस के सामने पेश करने की बात कही गई थी।

जिसके बाद आमिर ने रतनपुरी पुलिस के सामने शनिवार को दिन में सरेंडर कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी पुलिस रतनपुरी पुलिस ने आमिर के साथ मुठभेड़ कर उसके पैर में गोली मार दी। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से आमिर के परिजनों में पुलिस के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है। जब इस बारे में रतनपुरी थाना प्रभारी तेज सिंह से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने मुठभेड़ से पहले आरोपी आमिर ने थाने पर सरेंडर नही किया गया था।

### आमिर को पकड़ने के लिए दूल्हे को लिया गया था हिरासत में

रतनपुरी पुलिस आमिर को पकड़ने के लिए उसके परिजनों पर लगातार उसे पेश करने का दबाव बना रही थी। लेकिन आरोपी पेश न होने पर पुलिस ने आरोपी आमिर के दादा और दूल्हे फूफा को हिरासत में लेकर लोकप में बंद कर दिया था। बता दे आमिर की बुआ की शादी चार दिन बाद फरमान नाम के युवक से होनी थी। पुलिस द्वारा दूल्हे को हिरासत में लेने के बाद आमिर के परिजनों ने आमिर को थाने में पेश कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने आरोपी आमिर के दादा और दूल्हे फूफा को छोड़ दिया था।

## चैकिंग के दौरान थाने पर बैठा आरोपी कैसे पहुँच गया पारस के पास

बता दे कि रतनपुरी पुलिस जिस समय किसान प्रवीण के हमलावर बदमाश पारस पुत्र ईश्वर के साथ मुठभेड़ करने की तैयारी कर रही थी, लेकिन दूसरा आरोपी आमिर सरेंडर करने के बाद थाने पर मौजूद था। लेकिन पुलिस ने मुठभेड़ के बाद जारी किए गए प्रेस नोट में दोनों आरोपियो को चैकिंग के दौरान दबोचने की बात कही गई है। अब सवाल यह बनता है कि जब आरोपी आमिर मुठभेड़ से पहले थाने में बैठा था तो मुठभेड़ के दौरान दूसरे आरोपी पारस के पास कैसे पहुँच गया। यह सवाल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

### आमिर को पेश करने के बाद एसएसपी, सीओ और डीएम को दी गई थी सूचना

मुठभेड़ में गोली लगने वाले आरोपी आमिर जे परिजनों इरशाद, आस मोहम्मद, नफीस, बसर, शहजाद, ने जानकारी देते हुय बताया था कि जब आमिर को रतनपुरी थाने पर सरेंडर कराया गया था तो सबसे पहले इसकी सूचना थाना प्रभारी को दे दी गई थी उसके बाद उनके द्वारा एसएसपी, बुढाना सीओ और जिलाधिकारी को आमिर के सरेंडर करने की सूचना दे दी गई थी। यही नही सरेंड करते समय आमिर की रतनपुरी थाने में वीडियो बनाकर ट्यूटर पर भी वायरल कर दी गई थी। लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने आमिर को मुठभेड़ में दिखाते हुय उसके पैर में गोली मार दी। इसकी शिकायत योगी आदित्यनाथ से की गई है।

# चेयरमैन ने सफाईकर्मियों से मांगी माफी, हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गत दो दिन पूर्व उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष ने नगर पालिका चेयरमैन पर गाली-गलौज व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। वहीं घटना के विरोध में सफाईकर्मियों ने नगर में साफ सफाई का कार्य नहीं किया था। मामले में नपा चेयरमैन ने सफाई कर्मियों के बीच पहुंचकर खेद प्रकट किया।जिसके बाद नगर में साफ सफाई का कार्य किया गया।

गत शुक्रवार को सफाईकर्मियों ने कोतवाली पहुंचकर पालिका चेयरमैन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत को नगर पालिका चेयरमैन के विरुद्ध गाली-गलौज करने व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

जिसमें उत्तर प्रदेश की सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष दीपक कुमार पाहिवाल ने बताया कि वह एक दिन पूर्व अवकाश पर था। जिसके बावजूद भी शाम चार बजे नगर पालिका अध्यक्ष शमशाद अंसारी ने उसे अपने घर पर बुलाकर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ अभद्रता की थी।

जिसके बाद सफाई कर्मचारियों ने नपा चेयरमैन से नाराजगी जाहिर करते हुए साफ सफाई के कार्य से हड़ताल कर ली थी। सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने के बाद कस्बे में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई थी। गत शनिवार को सफाईकर्मियों ने घटना के विरोध में नगर में साफ सफाई का कार्य बंद कर हड़ताल पर रहे। वहीं मामले में कार्यवाही के लिए एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव से मुलाकात कर चेयरमैन के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई थी। शनिवार की देर शाम एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने नगरपालिका परिसर में पहुंचकर नपा चेयरमैन व सफाईकर्मियों से वार्ता की।

जिसमें चेयरमैन शमशाद अंसारी ने सफाई कर्मियों से खेद प्रकट किया। तो सफाईकर्मियों ने हड़ताल खत्म की। जिसके बाद कस्बे में चरमरा रही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

## 35 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों जिला पुलिस प्रशासन ने पूरी कर ली गई है। परीक्षा जिले में बनाए गए 35 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूप बनाया गया है। डीआईओएस जेएस शाक्य ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षाएं जनपद में निर्धारित 35 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में होगी। जिसमें प्रथम पाली सवेरे 8:30 से 11: 45 बजे तक व द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5:15 बजे तक 24 फरवरी से 12 मार्च के मध्य संपन्न होगी। जिसमे हाईस्कूल के





**शामली। रोल नंबर चेक करते छात्र व आयोजक।**

12265 छात्र-छात्राएं तथा इण्टरमीडिएट के 12123 छात्र-छात्राएं और दोनों परीक्षा में कुल 24388 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं देगें। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जनपद में निर्धारित परीषदीय परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति कर दी गई है।

जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो गई है। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक शामली में कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है। भी 35 परीक्षा केन्द्रों को जनपद एवं राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम से आनलाईन जोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि डीएम द्वारा समस्त संबंधित को पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट रहते हुए वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए है। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, उपकरणों सहित पूर्ण वर्जित हैं। इसके लिए प्रॉपर चेकिंग की जाएगी।

# यमुना में डूबे युवक का शव 27 घंटे बाद बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दो दिन पूर्व रात्रि के समय पुलिस चेकिंग से बचने के लिए यमुना नदी में डूबे युवक का शव करीब 27 घण्टे बाद गोताखोरों ने अथक प्रयास के चलते बरामद कर लिया है। बिलखते परिजन मृतक युवक के शव को बिना पुलिस कार्यवाही के अपने साथ ले गए हैं।

गत शुक्रवार की देर शाम मुकन्दपुर निवासी नासिर पुत्र फारूक (18) पानीपत कम्बल फैक्ट्री में मजदूरी करके बाइक पर सवार होकर अपनी मौसेरे भाई तौहीद व मामा नाजिम के साथ कैराना आ रह था,जैसे ही यमुना पुल पर पहुंचा तो यमुना ब्रिज पर पुलिस वाहन चेकिंग करती नजर आई। पुलिस चेकिंग से बचने के प्रयास में मृतक युवक ने बराबर वाले पुल पर जाने के लिए छलांग लगा दी थी। इस दौरान युवक दोनों पुलों के बीच बने गैप के कारण यमुना नदी में गिर गया था,जिसके बाद युवक गहरे कुण्ड में समा गया था। भांजे को डूबता देख मामा ने शोर मचा दिया था। बाद में पुलिस ने तुरंत मौके पर गोताखोरों को बुलाकर डूबे युवक को बरामद करने के लिए यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कर



**मृतक नासिर का फाइल फोटो।**

दिया था। गोताखोरों ने काफी मुशक्कत के चलते करीब 27 घण्टे बाद यमुना नदी में डूबे युवक का शव बरामद कर लिया है। मृतक के परिजन बिना पुलिस कार्यवाही के शव को अपने संग ले गए हैं। बताया जाता है कि मृतक का पिता कपड़ों की फेरी करता है और घर को संभालने की जिम्मेदारी मृतक युवक नासिर के कंधों पर ही थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि नासिर का शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम कराने से इनकार करने पर शव परिजन की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

# सपा के पीडीए सम्मेलन में खाली पड़ीं कुर्सियां

## क्षेत्रीय नेता भीड़ जुटाने में रहे नाकाम



**थानाभवन। सपा के सम्मेलन में मौजूद मंचासीन नेतागण।**



**थानाभवन। सम्मेलन में खाली पड़ी कुर्सियां। छाया शाह टाइम्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन के सिटी गार्डन में रविवार को समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन किया गया।आयोजन में थाना भवन क्षेत्र के लगभग सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सपा के इस पीडीए सम्मेलन में बेहद कम भीड़ देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम में खाली पड़ीं कुर्सियां चर्चा का विषय बन गईं। क्षेत्रीय नेता सम्मेलन के लिए भीड़ इकठा करने में नाकाम नजर आए।

सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक न्याय की अलख जगाना और आगामी चुनावों के लिए समर्थन जुटाना था, लेकिन अपेक्षित भीड़ न जुट पाने से आयोजकों को निराशा हाथ लगी।

सम्मेलन स्थल पर अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं, जबकि कई प्रमुख वक्ताओं और क्षेत्रीय नेताओं ने मंच से जनता को संबोधित करने की कोशिश की।क्षेत्रीय सपा नेताओं द्वारा की गई तैयारियों के बावजूद भीड़ जुटाने में वे नाकाम नजर आए। कई वक्ताओं ने अपने भाषणों में समा. जवादी पार्टी की नीतियों और पी डी ए मॉडल की चर्चा की, लेकिन श्रोताओं की कमी से कार्यक्रम का प्रभाव फीका रहा।

इस असफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि सम्मेलन की जानकारी लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पाई, जिससे उपस्थिति कम रही।

**अखिलेश यादव की रणनीति पर सवाल**

पी डी ए यात्रा और सम्मेलन समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की रणनीति का हिस्सा है, लेकिन थानाभवन सम्मेलन की कमजोर भीड़ ने इस पहल की सफलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आगामी कार्यक्रमों के लिए सपा को अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत महसूस हो रही है।

# छात्र-छात्राओं के लिए स्टूडेंट मोटिवेशन समारोह का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इदरीसी वेलफेयर कमेटी द्वारा रविवार को जीनत स्टार पब्लिक स्कूल में इदरीसी समाज के छात्र-छात्राओं के लिए कांफिडेंस व मोटिवेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता मास्टर इदरीस द्वारा की गई तथा निजामत मुहम्मद अरशद इदरीसी व संयोजक नदीम इदरीसी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष इलमदीन एवं सलीम इदरीसी (उपाध्यक्ष) ने अतिथियों का शाल उढाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं व हाफिज कुरान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया किया सम्मान पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीन अली रहे इस अवसर पर कार्यक्रम को समघ्बोधित करते हुए तहसीन अली असारवी ने बच्चों से कहा कि प्रगति का एक ही रास्ता है और वह है शिक्षा, यदि आपको अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले तो आप अपने जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। शिक्षित युवाओं से ही सभ्य एवं अच्छे समाज की स्थापना संभव है। वही चौद्गसाजिद व हकीम अताउर रहमान अजमली ने अपने संबोधन में कहा कि आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि तहसीन अली असारवी ने शामली कमेटी के साथ मिलकर बिरादरी के प्रतिभावान बच्चों का ख्याल रखते हुए शिक्षा को लेकर एक मुहिम शुरू की, जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। मुकीम जावेद और गुफरान इंजीनियर ने संयुक्त रूप से कहा कि यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में यह इदरीसी समाज के बच्चों के केरियर को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हम सब मिलकर उनका समर्थन करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक अरशद इदरीसी एवं नदीम इदरीसी ने बताया कि शामली मे यह कमेटी का पहला शैक्षिक आयोजन है। हम बिरादरी के बच्चों को शिक्षा की ऊंचाइयों पर देखना चाहते हैं और इसके लिए हमें जो भी प्रयास करना होगा, हम करते रहेंगे। हम भविष्य में और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। चौधरी आबिद व मुहम्मद गुफरान चरथावली ने कहा कि आज मुस्लिम समाज की लड़कियां शिक्षा को लेकर काफी गंभीर हैं, जबकि हमारे लड़के शिक्षा में पीछे हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि समाज की पढ़ी-लिखी बेटियां जब दूसरे घरों में जाएंगी तो अपने हुनर से वहां का माहौल बदलने की कोशिश करेंगी! अच्छे समाज के निर्माण में बेटियां अहम भूमिका निभा सकती हैं। समाजसेवी मेहदी हसन ने कहा कि एक शिक्षित लड़की एक अशिक्षित लड़की की तुलना में बहुत बेहतर कर सकती है। इस लिए लडकियों की तालीम पर खास धयान देने की जरुरत है।

# सहायक अध्यापक ने लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता कस्बे के मोहल्ला चौधरान निवासी सुधीर कुमार पुत्र जसवीर सिंह, जो वर्तमान में जनपद बिजनौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, को अज्ञात नंबर से धमकी भरे फोन कॉल मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना गढ़ीपुख्ता में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। सुधीर कुमार का कहना है कि 19 फरवरी को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में उधल सिंह नामक व्यक्ति का जिक्र करते हुए बताया कि वह दबंग प्रवृत्ति का है और उसके कारण उन्हें और उनके परिवार को खतरा महसूस हो रहा है। सहायक अध्यापक के अनुसार, उक्त व्यक्ति ने 19 फरवरी को उनके नंबर पर सात बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। इसके बाद 23 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे फिर से धमकी देने का आरोप लगाया है। सुधीर कुमार ने पुलिस से आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की तह तक जाकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मेगा मेडिकल कैंप में मरीजों की हुई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल कॉलेज मालैंडी में एक मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 736 मरीजों की जांच कर उनको उपचार दिया गया।

मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता समाज की मूलभूत आवश्यकता है, और ऐसे शिविर जरूरतमंदों को निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। लायंस क्लब का यह प्रयास सराहनीय है। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन गर्वनर एके मित्तल ने फीता काटकर किया। इस शिविर में पेट रोग, लीवर, हड्डी रोग, मस्तिष्क रोग, कैंसर, नेत्र रोग, ईसीजी, फेफड़ों संबंधी रोग, नाक-कान-गला रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग, हड्डियों में कैल्शियम की जांच, फेफड़ों की जांच, पी एफटी, ब्लड शुगर आदि की जांच और परामर्श निशुल्क प्रदान किया गया। शिविर में कुल 736 मरीजों ने पंजीकरण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। इस सफल आयोजन में यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा की डॉक्टरों की टीम और गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल एवं अस्पताल, मालैंडी के स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब अध्यक्ष गौरव गोयल ने शिविर में आए सभी मरीजों, डॉक्टरों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के समाजसेवी कार्यों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर कैंप संयोजक डा। नीरज वशिष्ठ, अभिलाष गुप्ता, अमित वर्मा, अंकुर गोयल, अरुण गर्ग, आशु गर्ग, भारत संगल, डा। अर्जुन वर्मा, गौरव कालरा, डा। नीलेश वशिष्ठ, निपुण जैन, प्रभात मित्तल, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रतीक गर्ग, राहुल वर्मा, रामगोपाल शर्मा, संदीप जिंदल, संजय संगल, सोमेश मित्तल आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से मारपीट कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाबालिग के साथ मारपीट करने,जान से मारने की धमकी देने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालानी कार्यवाही की हैं। पुलिस अधीक्षक शामली रामस. ेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह के निकट पर्यवेक्षण में कैराना पुलिस द्वारा नाबा. लिग के साथ मारपीट करने,जान से मारने की धमकी देने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। विदित रहे कि गत 21 जनवरी को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ मारपीट करने,जान से मारने की धमकी देने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पीड़िता के परि. जनों द्वारा थाना कैराना पर नामजद तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर कैराना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृतकर लिया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम व पता तुषार पुत्र मांगेराम निवासी मौहल्ला रेलपार थाना आदर्शमंडी जनपद शामली बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में उसे जेल भेज दिया है।

## 27 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में माह फरवरी में जनपद में दिनांक 27.2.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार शामली में श्रीमती मनीषा अहलावत, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

# शतरंज में अमित कुमार प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत विकास परिषद शामली अमृत व उदय के द्वारा शहर के मंदिर ठाकुरद्वारा में आयोजित दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में विकास भवन से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रविवार को शहर के मंदिर ठाकुरद्वारा में आयोजित भारत विकास परिषद शामली अमृत व उदय की दो दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी अंकित गोयल, संजय संगल, संरक्षण पाल गोयल ने किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न संस्थाओं के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें विकास भवन से खेल रहे अमित कुमार ने प्रथम, परशुराम युवा जागृति मंच से प्रांजल शर्मा व दीपक वशिष्ठ द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के विज. ेता खिलाडियों को पाल गोयल व अंकित गोयल द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओ का आयोजन परस्पर जुडना और आपसी सौहार्द कायम करना है। साथ ही प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगो में छिपी प्रतिभा भी सामने आती है। इस अवसर पर सुरेन्द्र बंसल, खजांची, सचिन सैनी, पंकज अग्रवाल, निशांत वर्मा, बिजेश सैनी, राजेश चौधरी, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।




**शामली। विजेताओं का सम्मान करते हुए। छाया शाह टाइम्स**

## एक नजर

### धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक के पिता ने आरोपियों को खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी विनोद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गत रात्रि मेरे पुत्र दीपक की गांव के तीन युवकों के साथ कहासुनी हो गई थी जिनका आपस में समझौता करा दिया गया था आज सुबह जब मेरा पुत्र दीपक अपने खेत पर जा रहा था तो गांव की धर्मशाला के पास तीनों युवकों ने इकठे होकर मेरे पुत्र पर लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया विनोद ने गांव निवासी तीन युवकों के खिलाफ पुलिस को मारपीट की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।



### चोरी की गई बाइक सहित युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा चारी गई मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक वाहन चोर नदीम उर्फ ज्योति पुत्र अनवर निवासी ग्राम सींगरा थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाने में पहले भी कई मामले दर्ज हैं। आजाद पुत्र लियाकत निवासी ग्राम सींगरा ने 16 फरवरी को अज्ञात चोर के द्वारा बाइक को चोरी कर लेने के बारे में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। स्थानीय पुलिस ने चोरी गई मोटरसाइकिल करते हुए एक वाहन चोर नदीम उर्फ ज्योति पुत्र अनवर निवासी ग्राम सींगरा थाना झिंझाना गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल बरामद की है। पकड़े गए युवक के खिलाफ स्थानीय थाने तथा हरियाणा के पानीपत के चांदनी बाग थाने में भी अन्य मामले दर्ज है।



### पुलिस ने पकड़े चार वारंटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा वांछित, वारंटी,एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चार एनबीडब्ल्यू,वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किए। रविवार को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित,वारंटी,एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए चार एनबीडब्ल्यू, वारंटी अभियुक्त इमरान पुत्र यासीन निवासी ग्राम मंसूरा थाना झिंझाना, योगेन्द्र पुत्र सीताराम निवासी ग्राम गुर्जरपुर थाना झिंझाना, मुन्नवर पुत्र अल्लामदीन निवासी ग्राम बरनावी थाना कैराना, सुनील पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी बीबीपुर जलालाबाद थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। अभियुक्त गण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



### पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से टड्ूबवेलों से चोरी किए गए तीन किलोग्राम तांबे के तार, चोरी में प्रयुक्त औजारकृप्लास, दराती, बसाका और एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चौसाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बीते कुछ दिनों से टड्ूबवेलों से केबिल और तार चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। इस संबंध में कई किसानों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने संदिग्धों की पहचान और धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस टीम ने सफलता हासिल करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शफीक, महताब (निवासी गंगोह, सहारनपुर) और गुलफाम द्धनिवासी गाजियाबादत्रः के रूप में हुई है। ए तीनों शातिर अपराधी हैं और इन पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से इनकी तलाश थी।

### बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तेजरफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने साइकिल सवार मजदूर को टक्कर मार दी। इस दौरान साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों के सहयोग से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की प्रात: साइकिल पर सवार होकर फारूक नामक मजदूर मजदूरी के लिए जा रहा था,जैसे ही वह नेशनल हाइवे पर स्थित रामडा रोड बाईपास के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा से तेजरफ्तार आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी,जिससे मजदूर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देकर अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया है।

**आवश्यकता है**

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को कार्यालय शामली में रिपोर्टिंग, स्टाफ व विज्ञापन प्रतिनिधि के साथ-साथ नगर पंचायत एलम व बनत में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी आवेदक को वरीयता दी जाएगी।

**नसीम सैफी**

**जिला प्रभारी**

मो. नं.- 9027988482

Email: shahtimesshamli4@gmail.com

# संत शिरोमणि रविदास मंदिर के सामने लगे बोर्ड को उखाड़ा, हंगामा

## क्षेत्र में महापुरुषों के बोर्ड में बैनर हटाने की घटनाओं से बढ़ रहा तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र बीते एक सप्ताह से लगातार विवादों का केंद्र में बना हुआ है। महापुरुषों के फोटो, बैनर फाड़ने और बोर्ड उखाड़ने की घटनाओं ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। इसी क्रम में हाल ही में गढ़ी पुख्ता थाना प्रभारी को भी लाइन हाजिर कर दिया गया था और उनकी जगह दूसरे थाना प्रभारी को चार्ज देकर भेजा गया था।

गांव मानकपुर में देर रात करीब 1:00 बजे ऊन थाना भवन रोड पर स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के मंदिर के सामने एक बोर्ड लगा हुआ था जिस पर संत शिरोमणि गुरु रविदास और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का फोटो भी लगा हुआ था। इस बोर्ड पर द ग्रेट चमार नाम लिखा हुआ था। इस बोर्ड को लेकर गांव के राजपूत समाज में गहरी नाराजगी देखी गई थी। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक शामली से बोर्ड पर लिखा कुछ शब्दों को हटाने की मांग की गई थी और उनका कहना था कि बोर्ड पर लिखे गए शब्द उनके समाज के प्रतिष्ठा के खिलाफ है और गांव में सभी समाज के लोग रहते हैं। इस मामले के चलते थाना गढ़ी पुख्ता प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया था। बावजूद इसके शनिवार देर रात करीब1रू00 बजे गांव में लगे बोर्ड को अज्ञात लोगों द्वारा ट्रैक्टर की मदद से रस्सी बांधकर उखाड़ दिया गया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

प्राप्त फुटेज के अनुसार, ट्रैक्टर के जरिए बोर्ड को रस्से से खींचकर उखाड़ा गया और करीब एक किलोमीटर दूर भनेड़ा पूर्वी यमुना नहर में फेंक दिया गया था। जिसकी सूचना मिलते ही दलित समाज के लोग मौके पर इकठा हो गए। वही सूचना मिलते ही भीम आर्मी,अन्य संगठन के लोग व पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के दौरान बोर्ड पूर्वी यमुना नहर भनेड़ा उददा पूल के पास पड़ा हुआ पाया गया। इसके बाद में पुलिस ने भीम आर्मी के



गढ़ीपुख्ता। उखाड़े गए बोर्ड को लाते लोग।




गढ़ीपुख्ता। इकट्ठा होकर रोष जताते लोग। छाया शाह टाइम्स

पदाधिकारी एवं दलित समाज के लोगों को समझा कर बोर्ड को वापस उसी स्थान पर स्थापित करवाया गया।

रविवार सुबह घटना की जानक. ारी मिलते ही स्थानीय समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ग्राम मानकपुर मौके पर पहुंचे और अज्ञात लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए जोरदार हंगामा किया। इसी दौरान गढ़ी पुख्ता कस्बे के योगी बाबा कमलनाथ भी मौके पर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि क्षेत्र में यह तीसरी ऐसी घटना है, जो समाज में विद्वेष फैलाने की साजिश का हिस्सा लगती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों की जल्द पहचान नहीं हुई, तो आंदोलन छेड़ा जाएगा।योगी बाबा कमलनाथ ने कहा, ष्योगी आदित्यनाथ कहते हैं . 'एक हो, सेफ हो', बटोगे तो काटोगे वाली बात करते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, और हमारी वोटो पर राजनीति कर रहे हैं और लगातार हमारे महापुरुषों का अपमान भी कर रहे हैं।

अगर कुछ समुदाय अपने महापुरुषों के बोर्ड लगा सकते हैं, तो हम अपने महापुरुषों के सम्मान में बोर्ड क्यों नहीं लगा सकते?ष यदि इस बार अज्ञात युवकों की पहचान नहीं करके कार्यवाही की गई तो जिले में आग लगा देंगे। उन्होंने कहा कुछ लोग हमारी वोटो पर राजनीति करते हैं अब हम उनके बहकावे में नहीं आएंगे। पहले किताब है अब हमारा समाज अशिक्षित नहीं है शिक्षित हो गया है अपने अच्छे बुरे- भले का निर्णय ले सकते हैं। बाबा ने कहा हम भाईचारे से रहने वाले लोग हैं कुछ लोग हमारे भाईचारे को बिगड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा इसी गांव में यह दोबारा घटना हुई है अगर इस तरह की घटना आपके घटित हुई तो पूरा समाज आंदोलन करेगा सड़कों पर निकलकर अपने हक की लड़ाई लड़ेगा क्योंकि हमारे महापुरुष ही हमारा सम्मान है।

इसी बीच भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रभात भारती ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे माहौल खराब किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ष्अगर हमारे महापुरुषों का अपमान किया गया, तो भीम आर्मी उसके खिलाफ खड़ी रहेगी किसी भी कीमत पर बहुजन समाज के लोगों का अपमान नहीं सहाय जाएगा। जिला अध्यक्ष ने ग्राम पेलखा और बीते एक दिन पहले गुराना प्रतीक्षालय में हुई घटना को दो. हराते हुए कहा कुछ लोगों ने हमारे महापुरुषों का अपमान किया और हमने उसका विरोध भी करते हुए थाना मामला दर्ज कराया था। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा महापुरुषों का अपमान हम किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे अपनी आखिरी सांस तक उनकी रक्षा करेंगे। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रभात ने श्रवण समाज के लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा हम लोग पहले कभी कमजोर नहीं थे और ना अब है और ना रहेंगे।

उन्होंने कहा अगर हमें महापुरुषों के सम्मान के लिए अगर अपने प्राणों को निछावर भी करना पड़ा तो वह भी हम करेंगे। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रभात और योगी बाबा कमलनाथ के आ]वान पर एससी समाज के लोगो ने गांव से ट्रैक्टर ट्राली भरकर गढ़ीपुख्ता थाना गई। परंतु गढ़ी पुख्ता के बाहर बाबा योगी कमलनाथ और भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रभात समझा बूझाकर ट्रैक्टर ट्राली को रोक दिया गया।

इसके बाद भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रभात भारती तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर उनकी गिरफ्तारी व उन पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बोर्ड हटाने की धमकी वाले पोस्ट वायरल, साजिश की आशंका**

सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें एक बोर्ड को उखाड़ फेंकने की धमकी पहले ही दी गई थी। वायरल पोस्ट में लिखा गया है कि ष्बोर्ड तो हटेगा हीष और साथ ही कुछ अभद्र शब्दों और प्रतीकों का भी इस्तेमाल किया गया है। पोस्टर में नीले कबूतरों का जिक्र भी किया गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह एक सोची-समझी साजिश हो सकती है।

वही गौरतलब है कि बोर्ड उखाड़ने की घटना से एक दिन पूर्व गुराना में बने प्रतीक्षालय में लगी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर वाले बैनर को फाड़ा गया तथा बैनर पर पान की पिक के निशान भी देखे गए थे। इन घटनाओं से क्षेत्र में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

इस दौरान प्रभात अनुज भारती जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, योगी बाबा कमलनाथ हिंदू महासभा मंडल अध्यक्ष, विरेन्द्र कुमार जिला संगठन मंत्री भीम आर्मी, रवि मंचल,आकाश करणवाल,राहुल कुमार,मोनु बर्मन, खिलारी, जिला अध्यक्ष अक्षय बोकाडिया, शुभम सिंह, जयंत,अनुज कुमार, जयकुमार ठेकेदार, अंकित रमन, अंकुर, प्रवीण कुमार, गोल्डी नोजल, पवन नोजल, बलराम बधेव, आकाश आभा, अंकुर गौतम, जब्बू जयंत, जयवीर कर्मवीर सभासद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# परीक्षा से संबंधित जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला विद्यालय निरीक्षक शामली जे.एस. शाक्य ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षाएं जनपद में निर्धारित 35 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में प्रथम पाली 8:30 से 11:45 व द्वितीय पाली 2:00 बजे से 5:15 बजे तक दिनांक 24.2.2025 से आगामी 12.3.2025 के मध्य संपन्न होगी, जिसमें हाईस्कूल के 12265 छात्र-छात्राएं तथा इण्टरमीडिएट के 12123 छात्र-छात्राएं दोनों परीक्षा में कुल 24388 निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं देगें।

उन्होंने अवगत कराया कि उनके द्वारा जनपद में निर्धारित परीषदीय परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति कर दी गई है। जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हो गई है। जनपद स्तर पर परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक शामली में कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है एवं सभी 35 परीक्षा केन्द्रों को जनपद एवं राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम से आनलाईन जोड़ दिया गया है। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा समस्त संबंधित को पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट रहते हुए वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के कड़े निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, उपकरणों सहित पूर्ण वर्जित हैं। इसके लिए प्रॉपर चेकिंग की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यहां यह भी जानकारी दी कि कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा दिनांक 21.2.2025 को जारी विज्ञप्ति में केवल जनपद प्रयागराज में 24.2.2025 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा कार्यक्रम को संशोधित कर उक्त परीक्षा 9 मार्च 2025 को आयोजित होगी। बाकी प्रदेश के शेष जनपदों में दिनांक 24.2.2025 को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं पूर्व में निर्धारित कार्यक्रमानुसार ही संपादित होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह भी बताया कि जनपद में कल दिनांक से आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत यात्री भ्रमण हेतु जिलाधिकारी द्वारा टीम भी गठित कर दी गई है।

# चौसाना में टंकी लीकेज होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बा के मोहल्ला जमा मस्जिद के पास स्थित पानी की टंकी में लीकेज होने के कारण गलियों में लगातार पानी बह रहा है। इस कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी बहने से सड़कें गीली और कीचड़ से भर गई हैं, जिससे लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर गांववासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गांव के निवासी शफाकत, रजाक, इमरान, सुफयान, शहजाद, मुजम्मिल, इस्लाम, इखलाक, उमरी, तनवीर, समीर, वकील और कय्यूम समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पानी बहने से गंदगी बढ़ रही है, जिससे मच्छर और अन्य कीटाणुओं का प्रकोप बढ़ने का खतरा है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना भी बनी हुई है। सड़कों पर लगातार बह रहे पानी से न केवल स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों को फिसलन के कारण दुर्घटनाओं का डर बना हुआ है। वहीं, पैदल चलने वालों को भी गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। वही ग्राम सचिव राहुल कुमार ने बताया टंकी लीकेज की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा, ष्कल ही मिस्त्री बुलाकर टंकी की मरम्मत करवाई जाएगी, ताकि पानी की बर्बादी और ग्रामीणों की परेशानी को खत्म किया जा सके।



चौसाना। गंदगी को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, दो आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनकी पुत्री घर पर अकेली थी, तभी विजय पुत्र कल्लू और सचिन पुत्र सुभाष जबरन घर में घुस आए और उसे परेशान करने लगे। युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

# संत गाडगे की जयंती पर पीडीए पंचायत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत मे स्वच्छता अभियान के जनक एवं समाज सुधारक सन्त गाडगे की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने ग्राम ताना में पीडीए पंचायत का आयोजन कियाा गया। जिसमें उनके जीवन एवं कार्यों पर चर्चा की गई तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

रविवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि भारत में पीडीए समाज में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया तथा समाज को नई राह दिखाई।

कार्यक्रम के आयोजक एवं समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बिट्टू प्रधान ने कहा कि संत गाडगे ने धोबी जाति में जन्म लिया था, जाति प्रथा की विषमता के विरूद्ध उन्होंने संघर्ष किया तथा उसके लिए सभी को शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने अपने संदेश में कहा कि पीडीए पंचायतों से पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आबादी में नई राजनीतिक चेतना आई है।

जिससे 2027 मे सत्ता परिवर्तन होना तय है। देवेंद्र वालिया एवं अनुज जावला ने भी भाजपा सरकार में पीडीए के अधिकारों मे लूट की बात उठाई तथा संगठित होने की अपील की। इस अवसर पर नंदू प्रसाद वाल्मीकि, शांतनु राणा, मकसूद राव, तासीन मंसूरी, अभिषेक शर्मा, संजीव खेवाल, सुधीर कश्यप, कपिल शर्मा, मुनत्याज सभासद, इंतजार, रमजान, किरतपाल, कुश खेवाल आदि उपस्थित रहे।




# योग साधना के विषय में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज शामली में चल रहे सात दिवसीय शिविर के आज चौथे दिन के मुख्य अतिथि यूथ शूटिंग और स्पोर्ट्स क्लब के संचालक एवं योगा टीचर गौरव मालिक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। उन्होने विभिन्न प्रकार के योग साधना के विषय में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया। जिसमें सूर्य नमस्कार, कपालभाती, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास भी कराया गया।

साथ ही योग के महत्व और लाभ को बड़े ही सरल ढंग से स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं के समक्ष रेखांकित किया। साथ ही साथ वर्मा डायग्नोस्टिक सेंटर के डा। सावेज अली ने सभी छात्र-छात्राओं का ब्लड चेकअप करके उनका ब्लड ग्रुप अवगत कराया। उसके बाद गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस गायन प्रतियोगिता में स्वीटी, अंजलि, अनु, इकरा, रिजवाना,वंदना, मधु, तृषा, संजना और गुलशन ने प्रतिभा किया।




शामली। योग की जानकारी देते एक्सपर्ट। छाया शाह टाइम्स

## महिला थाना पुलिस ने किया दस व्यक्तियों का चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के निर्देशन में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु महिला थाना पुलिस द्वारा अलग अलग प्रकरणों में 10 व्यक्तियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए चालान किया गया है। व्यक्तियों का नाम रोबिन पुत्र जगदीश निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, जगदीश पुत्र सीताराम निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, रेखा पत्नी जितेन्द्र निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, जितेन्द्र पुत्र जगदीश निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, नीशू पत्नी ओमकार निवासी बन्तीखेड़ा थाना बाबरी जनपद शामली , रवि पुत्र काले सिंह निवासी कण्डेला थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, मोहित पुत्र कालेश्वर निवासी कण्डेला थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, लोकेन्द्र पुत्र ओमपाल निवासी बन्तीखेड़ा थाना बाबरी जनपद शामली, सुशीला पत्नी गौरव निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, राजकुमार पत्नी जगदीश निवासी जाफरपुर थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।



# महाशिवरात्रि को लेकर आगे बढ़ रहे शिवभक्त कांवड़िए





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 26 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की संख्या भी बढने लगी है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की संख्या में इजाफा हुआ है। शिवभक्त कंधे में रंग बिरंगी कांवड लेकर व भगवान शिव की झांकियां लेकर अपने अपने गणत्वयों की ओर बढते जा रहे है। इसके साथ ही शिव मंदिरों में साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

हिन्दु धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत रखा जाता है। भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।

साथ ही सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे है। पिछले साल के मुकाबले इस साल हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की संख्या में इजाफा हुआ है और वह हर हर महादेव के जयघोष के साथ अपने गणत्वयों की ओर बढ रहे है। रविवार को राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के शिवभक्त शामली से होकर गुजरे। जो अपने कंधों पर रंगबिरंगी कांवड लेकर व भोले बाबा की झांकिया लेकर जा रहे है। कई कई लीटर जल शिवभक्त अपने गणत्वयों की ओर बढते जा रहे है। सैकडों मील पैदल चलने के बावजूद शिवभक्तों को थकान महसूस नही हुई। कांवड यात्रा के मद्देनजर जिले के शिव मंदिरों में भी सफाई का काम शुरू हो गया है। मंदिरों में सजावट के साथ-साथ पूजा सामग्री की व्यवस्था की जा रही है।

## हरियाणा पुलिस द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न पर उठी आवाज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** हरियाणा पुलिस द्वारा दवा व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने के विरोध में चौकी प्रभारी की मौजूदगी में व्यापारियों ने एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। बैठक के दौरान प्रतिष्ठान मंडल के प्रदेश सचिव पवन संगल ने बताया कि सभी व्यापारी सही तरीके से व्यवसाय कर रहे हैं और कानूनी रूप से दवा एवं अन्य उत्पाद बेच रहे हैं। लेकिन हरियाणा पुलिस द्वारा बिना किसी उचित कारण के व्यापारियों को डराने-धमकाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपने अधिकारों का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए और निर्दोष व्यापारियों को परेशान करने की बजाए असली अपराधियों पर ध्यान देना चाहिए। जिला महामंत्री संजीव कुमार ने कहा कि अगर कोई व्यापारी गलत गतिविधियों में शामिल है, तो पुलिस को उचित कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन गलत आरोप लगाकर व्यापारियों को तंग करना अस्वीकार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी व्यापारी को पुलिस द्वारा बेवजह परेशान किया जाता है, तो वह इसकी जानकारी तुरंत व्यापार संघ को दें, ताकि उचित कदम उठाया जा सके। बैठक में चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस किसी भी व्यापारी को बिना उचित कारण परेशान नहीं करेगी और सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की जाएगी। बैठक के अंत में व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि वे कानूनी तरीके से अपना व्यापार जारी रखेंगे और अगर पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की मनमानी की जाती है, तो वे सामूहिक रूप से विरोध करेंगे। बैठक में प्रतिष्ठान मंडल के कई प्रमुख पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शादी समारोह में डीजे पर डांस को लेकर हुआ संघर्ष

# युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या



मृतक का फाइल फोटो



**देवबन्द।** विवाह समारोह में डीजे पर डांस करने को लेकर मामूली कहा. सुनी के बाद संघर्ष हो गया। इस दौरान युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीडित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

सांपला मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हाल में फौलादपुरा निवासी जावेद उर्फ कलवा की बेटी के विवाह समारोह चल रहा था खतौली से बरात आई हुई थी। शादी में आए मेहमान डीजे पर डांस कर रहे थे। इस दौरान उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरड़ी से आए 19 वर्षीय तसव्वर और उनके चाचा असलम की डीजे पर डांस करते समय कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। विवाद बढने पर आरोपितों ने तसव्वर और असलम पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। इसमें तसव्वर और असलम घायल हो गए। घटना से शादी समारोह में अफरा-तफरी और चीख पुकार मच गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पेट समेत शरीर के कई हिस्सों पर चाकू लगने के चलते गंभीर घायल हुए तसव्वर को नाजुक हालत में सीएचसी से रेफर किया गया। रुडकी ले जाते समय रास्ते में तसव्वर की मौत हो गई। मृतक के पिता मुनव्वर पुत्र मुन्ना की तहरीर पर पुलिस ने देवबंद निवासी जावेद, मंसूरपुर के नरा गांव निवासी शमशाद व इंतजार और गांव जटोल निवासी नदीम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह ने बताया कि तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि एक आरोपी फरार है। जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बाबा फकीरादास की सिद्धकुटी पर लोगों ने चढ़ाया प्रसाद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरू बाबा फकीरादास की सिद्धकुटी पर रविवार को भव्य मेला आयोजित हुआ। इसमें आसपास व दूरदराज से बड़ी संख्या में लोगों ने गांव पहुंच प्रसाद चढ़ाया और बाबा फकीरादास का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मेले में जश्न का माहौल रहा।

मिरगपुर गांव स्थित गुरू बाबा फकीरादास की तपोस्थली पर तडके चार बजे से प्रसाद चढ़ाने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। दिनभर कतार में लगे लोगों ने प्रसाद चढ़ाया। लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह, सासंद इमरान मसूद, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, उत्तराखंड के पूर्व मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद महाराज, हरिद्वार के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, गन्ना विकास परिषद लिबरहेड़ी के चेयरमैन सुशील राठी, गन्ना विकास परिषद लक्सर के चेयरमैन राजेंद्र चौधरी, गोचर महाविद्यालय के अध्यक्ष देवराज चौधरी, पूर्व एमएलसी लक्सर संजय गुप्ता, त्रिवेणी चीनी मिल देवबन्द के यूनिट हैड पुष्कर मिश्र व ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी आदि आस पास के लोग भी मेले में पहुंचे। उत्तराखंड व हरियाणा से भी बड़ी संख्या में लोगो ने मेले में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया व मन्नते मांगी। ग्रामीणों ने जगह जगह अतिथियों को प्रसाद बांटा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता व्यक्ति का मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रूड़की उत्तराखंड से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 50 वर्षीय धर्मवीर का शव साखन नहर के पास एक खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिलने के साथ ही पास में एक सुसाइड नोट भी पड़ा मिला। जिसमें खुदकुशी करने का कारण लिखा हुआ है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देवबंद कोतवाली क्षेत्र के जटौल गांव निवासी धर्मवीर कई दिन से उत्तराखंड के रूड़की में स्थित भतीजे के घर गया था। 18 फरवरी को वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। भतीजे ने रूड़की गंगनहर थाना में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को देवबंद कोतवाली क्षेत्र में साखन नहर के पास एक खेत में काम कर रहे किसानों ने पापलर के पेड़ पर शव लटका देख पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां इकट्ठा हुए लोगों से जानक. ारी ली । इस बीच मृतक के परिजन भी वहां पहुंच गए थे। पुलिस के मुता. बिक धर्मवीर रस्सी के फंदे से पेड़ पर लटका हुआ था। पास में एक सुसाइड नोट भी पड़ा मिला। जिसमें परिवार की एक महिला द्वारा आरोप लगाने से आहत होकर खुदकुशी करना लिखा गया है।

वहीं, फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ट्रक के बारे में जानकारी जुटा रही है।

गंगदासपुर गांव निवासी रामस्वरूप के पुत्र 48 वर्षीय मोहन सिंह रविवार की दोपहर राज्य राजमार्ग-59 स्थित जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज के सामने खड़ा था। इसी दौरान मुजफ्फरनगर की ओर से आए तेज गति ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। लोगों से जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल भिजवा दिया।

इस दौरान सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे। पुलिस ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता लगा कि मृतक का कोई सामान मुजफ्फरगनर से बस द्वारा भेजा गया था। जिसे लेने के लिए वे हाईवे पर गया था। इसी दौरान वह हादसा का शिकार हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर परिसर में संत निरंकारी सेवादल ने चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संत निरंकारी सेवादल ने गुरू पूजा दिवस मनाया। इस दौरान स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम के अंतर्गत देवीकुंड में सफाई अभियान चलाया गया।

रेलवे रोड स्थित निरंकारी भवन में रविवार सुबह सेवादल के भाई बहन पैदल चलकर श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर पहुंचे और सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका चेयरमैन विपिन गर्ग, अधिशासी अधिकारी डा. धीरेंद्र राय व समाजसेवी सेठ कुलदीप कुमार ने किया। इसके उपरांत स्वयं सेवकों व साध संगत ने देवी मंदिर परिसर स्थित कुंड में साफ-सफाई का कार्य किया।

ब्रांच मुखी प्रकाशचंद ने बताया कि सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादाय शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में प्रोजेक्ट अमृत शुरू किया था। स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ ही जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य जल को स्वच्छ और संरक्षित करना है। इस मौके पर सेवादल संचालक रवि कुमार, शिक्षक अमन कुमार, मंजू बहन, अलकेश, सतपाल, डा. सुधीर, जयद्रथ, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में दो शिकायतें दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को नवागत एसडीएम नगीना आशुतोष जयसवाल की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें दो शिकायतें आई। जिनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दे दिए गए।

नवागत एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी शिकायतें थाना समाधान दिवस में आ रही हैं। उनका मौके पर जाकर निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कोई भी कर्मचारी ऑफिस में बैठकर समाधान न करे। शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट होना जरूरी है। उन्होंने थाना समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी थाना दिवस में नहीं पहुंचेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

थाना दिवस में थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, कानूनगो सतेंद्र सिंह, कानूनगो राकेश कुमार शर्मा, लेखपाल कृष्ण कुमार, दीपक कुमार, अंकित तोमर आदि थाना समाधान दिवस में उपस्थित रहे।

# घटनाओं, बलिदान, सहयोग के सत्यता के साथ विवरण का नाम इतिहास है: वासे




**देवबन्द।** कॉलेज में आयोजित विमा. ेचन समारोह में बुद्धजीवियों ने डॉ. उबैद इकबाल आसिम द्वारा लिखित पुस्तक ऐतिहासिक नगरी देवबंद का विमोचन किया। इस्लामिया डिग्री कॉलेज के सेमिनार हाल में आयोजित हदफ एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी अलीगढ़ द्वारा आयोजित विमोचन समारोह में प्रोफेसर अख्तर-उल-वासे ने कहा के अच्छी बुरी घटनाओं, बलिदान, सहयोग, निर्माण, संस्कार, संस्कृति, शिक्षा, विनाश के सत्यता के साथ विवरण का नाम इतिहास है। इस लेखन में कम लोग खरे उतरते हैं। बीबीसी के पूर्व संवाददाता कुरबान अली ने कहा के डॉ. उबैद इकबाल ने सरल, सहज भाषा में देवबंद को संकलित किया है। उर्दू से हिंदी रूपांतर राष्ट्रीय स्तर पर नए देवबंद को परिचित कराएगा। अनिल माहेश्वरी ने कहा कि देवबंद स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख केंद्र रहा है। आजादी में यहां के उलमा सहित आम हिंदू और मुस्लिमों ने बलिदान दिया। उसी बलिदान का सार्थक प्रमाण यह पुस्तक है। डॉ. शाहिद जुबैरी ने कहा के इससे पूर्व डॉ. उबैद 20 पुस्तकों का सफल लेखन कर चुके हैं। अध्यक्षता कर रहे ठाकुर श्याम कुमार रावत ने कहा के ऐतिहा. सिक नगरी देवबंद का प्रकाशन उचित समय पर हुआ है। लेखक डॉ. उबैद इकबाल ने पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहारनपुर के पूर्व प्रधानाचार्य उमर जलाल, डॉ. मुश्ताक कासमी, लेखक अब्दुर्रहमान सैफ, लेखक उमेर इलाही उस्मानी ने भी विचार रखे। संचालक सैयद वजाहत शाह ने किया। इस मौके पर उमर जलाल, डॉ. शिबली इकबाल, फहीम सिद्दीकी, नजम उस्मानी, डॉ. एसए अजीज, मो. आजम, राहत अली आदि मौजूद रहे।

## आवारा सांड को पकड़ने की मांग

**नहटौर।** गांव अखेड़ा के जंगल में हमलावर आवारा सांड ने कई किसानों पर हमलाकर घायल कर दिया। सांड के आंतक से ग्रामीण परेशान है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी ब्लॉक प्रशासन कोई सुध लेने को तैयार नहीं हैं। गांव अखेड़ा के जंगल में घूम रहे एक आवारा सांड ने आंतक मचा रहा है। जंगल जाने वाले किसान व उनके पशुओं को देखकर हमलावर हो जाता है। मुनित कुमार, हरपाल सिंह, कुलदीप सिंह आदि कई किसानों पर हमला कर घायल कर दिया। इसके अलावा बैल बुग्गी लेकर जंगल जाने किसानों के पशुओं पर भी हमला कर रहा है। आवारा सांड के हमलावर होने से जंगल जाने से किसान डर रहे है।

# कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर रही पुलिस

### सीसीटीवी कैमरों से की जा रही कांवड़ियों की निगरानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर कस्बे से गुजरने वाले कांवड़ियों का पुलिस द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह व चौकी लाल सराय इंचार्ज एसआई सोहन सिंह पुण्डीर ने पुलिस कर्मियों के साथ कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कांवड़ियों ने भी बम भोले वह जय भोलेनाथ की गगन भेदी उद्घोष कर उनके स्वागत का आभार प्रकट किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार व प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ स्वागत के लिए बुंदकी तिराहे पर पहुंचे और गुजरते हुए कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। जिससे कांवड़िये प्रसन्न हो गए तथा उन्होंने भोलेनाथ के गगन भेदी जय घोष लगाए। प्रशासन द्वारा की गई इस पुष्प वर्षा से सभी बेहद प्रसन्न दिखाई दिए। हर्षोल्लास के वातावरण में बम भोले के नारे लगाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया गया। अधिकारियों द्वारा गौशाला तक शोभायात्रा के साथ पैदल चलकर सम्मानपूर्वक नगर से रवाना किया गया। इस मौके पर सभी पुलिस कर्मियों द्वारा स्वल्पाहार फल का वितरण किया। मार्ग पर यात्रा में कांवड़ियों के साथ पैदल चले कांवड़ियों का भव्य स्वागत पुलिस प्रशासन को करते देख कांवड़ियों की सेवा के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगीना पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार ने बताया कि कांवड़ियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के साथ-साथ उनके जलपान का भी विशेष इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा दृष्टि से कांवड़ियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से भी की जा रही है और किसी भी आपात स्थिति में वे पुलिस की सहायता ले सकते हैं। इस अनोखे स्वागत और सुरक्षा के इंतजाम ने कांवड़ियों को बहुत प्रभावित किया है और यात्रा को और भी सुखद और सुरक्षित बना दिया है।

इस दौरान सीओ भरत कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एस आई सोहन सिंह पुंडीर, महिला एसआई सपना तोमर, नेपाल सिंह, आशीष कुमार, धनपाल सिंह, हेमनिधि त्यागी, पारुल त्यागी, विमल पवार आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का भ्रमण



### कांवड़ियों को दिलाया सुरक्षा का विश्वास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा शिवरात्रि के दृष्टिगत थाना नगीना क्षेत्रांतर्गत कांवड़ मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

कांवड़ मार्गों से गुजर रहे शिवभक्तों/कांवड़ियों से वार्ता की गई एवं उनके कुशलक्षेम के बारे में जानकारी कर सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। कांवड़ मार्गों पर ड्यूटी पर लगे पुलिस बल से कुशलता के बारे में जानकारी कर कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठवां दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में ग्राम सैदपुर वीरू उर्फ पीपला में मतदाता जागरूकता एवं माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा थीम पर आधारित रहा।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों के मध्य मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। तत्पश्चात अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने जाना है, लोकतंत्र का करें सम्मान, निर्भय होके करें मतदान आदि प्रेरक नारों के साथ ग्राम में रैली निकाली और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवक ललतेश यादव, लवी कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों ने ग्राम के मंदिर परिसर में मतदान जागरूकता हेतु एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। समाज को मतदान के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात द्वितीय सत्र में ष्माई भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता हेतु युवा थीम पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी 50 स्वयंस्वकों का माई भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन सम्पन्न कराया गया। पूर्व स्वयंसेवक सौरभ कुमार ने बताया कि यह पोर्टल 15 से 29 वर्ष के युवाओं को रोजगार, व्यापार और कौशल विकास कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर देता है। इसका उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रवि धनकड़ ने बताया इस प्लेटफॉर्म को युवाओं को विकसित भारत के लिए सशक्त और सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## नाटक द्वारा दिया नशा मुक्ति का संदेश

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय के एनएसएस की दोनों ईकाईयों के सुहागपुर में आयोजित के तत्वाधान में षष्ठम दिवस पर गांव में नाटक के द्वारा नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने गांव में जाकर ग्रामीणों को नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया और आह्वान किया। वह भी अपने गांव में सभी को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें।

# भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर

**स्योहारा।** समाजवादी पार्टी की ओर से चलाए जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें हाजी नईमुलहसन के अपने विचार व्यक्त किए। प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को पीडीए चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत जोन 5 ए वन में चमंडा पर स्योहारा में समा. जवादी की नगर पालिका सभासद सुभद्रा देवी वार्ड नंबर के सौजन्य से संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन ने कहा कि भाजपा सरकार देश को बांटने का काम कर रही है। पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ भेदभाव और अत्याचार कर रही है। महंगाई अपने चरमपर है। बेरा. ेजगारी से युवा परेशान हैं। इन सभी परेशानियों से निजात पाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों और बूथों को मजबूत करें ताकि आगामी 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करें। सरकार से लड़ने के लिए पीडीए ही आपकी ताकत है। जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार ने बच्चों को लैपटॉप, मजदूरों को साइकिल, लड़कियों के पढ़ने व शादी के अनुदान देने का काम किया था। आज भाजपा सरकार में बेरा. ेजगारी, देश में बढ़ती महंगाई पर भाजपा सरकार कोई बात नहीं करती। जनता के मुद्दे को छोड़कर भेदभाव की बात करती है। समाजवादी सरकार में सबका साथ और सभी का विकास हुआ है। यही समाजवादी पार्टी में समा. जवादी कार्यकर्ताओं की पहचान है। समाजवादी पार्टी हमेशा अपने देश के नौजवानों के लिए ही बात करती है। देश की खुशहाली के लिए ही काम करती है। हम सभी को मिलकर आपस के भेदभाव को छोड़कर किसी भी जात बिरादरी में ना बट कर देश और उत्तर प्रदेश को विकास की ओर ले जाने मैं समाजवादी पार्टी का समर्थन करना है। वहीं पूर्व चेयरमैन शेरकोट कमरुल इस्लाम ने कहा कि आगामी चुनाव से पूर्व हम सब लोगों को मिलकर वोटों को समझना है और सरकार को बदलने का काम करना है। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, कल्लू सिंह, मोनू सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुमित कुमार, मोहित कुमार, सतीश कुमार, चंद्र प्रकाश, अनुज सिंह, अनिल कुमार, मनीष कुमार, विश्वंभर सिंह, मास्टर रिंकू, मास्टर राकेश सैनी, नरेश कुमार, लाइक कादरी आदि रहे।



## कीवी दबदबा कायम रखने बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

● न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर वनडे मैचों में लगातार चार जीत दर्ज की है

**रावलपिंडी, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सोमवार को होने वाले ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम जहां टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय कायम करने उतरेगी वहीं बांग्लादेश पिछले मैच में भारत से मिली करारी हार के बाद वापसी करने मैदान में उतरेगा। न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर एकदिवसीय मुकाबलों में दबदबा बनाए रखते हुए लगातार चार जीत दर्ज की हैं और वह अगले मैच को लेकर उत्साहित है। अब देखना होगा कि टूर्नामेंट में भारत से मिली करारी के हार के बाद बांग्लादेश वापसी कर पायेगा या न्यूजीलैंड अपना दबदबा कायम रखता है। बांग्लादेश पिछले मैच के तौहीद हृदोय के जूझारू शतक को ध्यान में रखते हुए निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर एक बार फिर से अपने अभियान को शुरू करना चाहेगा। वहीं न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लैथम की अगुआई में शानदार बल्लेबाजी की है। मैट हेनरी और विल ओ' रूर्के की अगुआई में उनकी गेंदबाजी इकाई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे बांग्लादेश की कमजोर बल्लेबाजी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, जिससे मध्यक्रम की शुरुआत ही हो गई। न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्हें एक और हार से बचने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 215 रन बनाए हैं और इस दौरान तीन बार नाबाद रहे हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण उन्हें खेल बदलने वाला खिलाड़ी बनाती है। वहीं गेंदबाजों की बात की जाये तो मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाक की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश की चिंता बढ़ सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की जीत संभावनाएँ बहुत अधिक हैं, लेकिन बांग्लादेश को उनके पिछले संस्करण में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए उसे नकारा नहीं जा सकता।



**बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों का फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए है**

### खेल विशेष

## विराट कोहली वनडे में 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए है। विराट कोहली ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में यह रिकार्ड बनाया। उन्होंने मात्र 287 पारियों में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कोहली ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 350 पारियों में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 378 पारियां अपने 14 हजार रन पूरे किए थे। इसके साथ ही विराट एकदिवसीय इतिहास में 14 हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए। वह जून 2017 में 175 पारियों में आठ हजार एकदिवसीय रन पूरे करने के बाद से हर 1000 रन के मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज रहे हैं।

## रोहित शर्मा ने बनाया लगातार नौ बार टॉस हारने का अनचाहा रिकार्ड

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को एकदिवसीय मैच में लगातार नौ बार टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में रोहित शर्मा ने नौवीं बार टॉस गवांया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस हारने की शुरुआत वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल से हुई थी। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स के नाम 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारने का रिकार्ड था। लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है।

## सुशीला ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता।

## क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है: पीएम



● पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक का जिक्र किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है। इसके साथ उन्होंने राष्ट्रीय खेलों उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के मासिक कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक के रोमांच का जिक्र किया और उत्तराखंड में हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रुप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन के मोटापे को लेकर दिए टिप्प का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में शतक का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भाँति जानते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद एथलीट पूजा और कर्नाटका की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। इन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर सबको चैंका दिया। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोरों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 साल के निशानेबाज गेविन एंटनी, यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी 16 साल की अनुष्का यादव, मध्य प्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा ने साबित किया कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीघे के हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय ने ये भी दिखाया कि कभी हार ना मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज जी आपका बहुत-बहुत आभार।

## बीएसएफ ने 'बॉड्रमेन मैराथन-2025' का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का आयोजन किया। इस मेगा इवेंट में देशभर से पेशेवर और शौकिया धावकों सहित विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों, सेना, पंजाब पुलिस और नागरिकों (पुरुष और महिलाएं) और विदेशी देशों के एथलीटों ने भाग लिया।

इस मैराथन में तीन श्रेणियां थीं: फुल मैराथन (42-195 किमी), हाफ मैराथन (21-097 किमी) और 10 किलोमीटर रन। मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका उद्देश्य बीएसएफ के सैनिकों और नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भागीदारों और दर्शकों के बीच फिटनेस की भावना का प्रचार करना है। बॉर्डरमेन मैराथन-2025 का उद्घाटन श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, बीएसएफ महानिदेशक ने सुबह पांच बजे अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन गेट से किया। यहां पर श्री सतीश एस. खंडारे, आईपीएस, एमहानिद.ेशक बीएसएफ, डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ पंजाब, श्री एसएस चंदेल, डीआईजी बीएसएफ सेक्टर अमृतसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके बाद, महानिदेशक बीएसएफ ने 21 किमी हाफ मैराथन का शुभारंभ सुबह छह बजे वार मेमोरियल, अमृतसर से और 10 किलोमीटर रन का शुभारंभ 6:30 बजे लाहोरीमल गांव, अमृतसर से किया। श्री दलजीत सिंह ने दौड़ के समापन बिंदु, प्रसिद्ध जेडसीपी अटारी, अमृतसर पर धावकों का स्वागत किया और 'बॉर्डरमेन मैराथन - 2025' के विजेताओं और सभी भागीदारों को पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए, महानिदेशक ने दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व जीवन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने और नशे की लत से दूर रहने के दृढ़ संकल्प को बल दिया।



कुलदीप यादव
तीन विकेट

## दुबई में दमदार मुकाबला

■ बल्लेबाजी करने उतरी पाक के लिए इमाम-उल-हक और बाबर की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े

**दुबई, वार्ता।** कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवह्वद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलद.ीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली।

## मांडविया ने एक बार फिर लोगों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक



■ यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनुषख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर लोगों के फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए साइलक्लग क्लबों के सदस्य, ओलंपिक रोवर अर्जुन लाल जाट, विशेष अतिथि उद्योग निकायों, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फिटनेस ब्रांड डेकाथलॉन, योग भारत तथा माई भारत के सदस्यों के साथ 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की अगवुाई की।

यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मांडविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने मोटापे के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की है, उसमें हमें अपने जीवन में रोजाना फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए एक साथ आना चाहिए। साइकिल चलाना सबसे आसान व्यायाम है और इसका पर्यावरण पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है और प्रदूषण का समाधान है। पहल के महत्व के बारे में सीआईआई के स्पोर्ट्सकॉम के कोषाध्यक्ष विदुषपत सिंघानिया ने कहा कि मैं इस पहल को शुरू करने के लिए माननीय खेल मंत्री को बधाई देता हूं। अच्छा स्वास्थ्य सीधे बेहतर उत्पादकता और उच्च जीडीपी से जुड़ा हुआ है। एक उद्योग निकाय के रूप में हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक कॉरपोरेट फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से जुड़ें और इस आंदोलन का समर्थन करें। फिक्की की खेल समिति की सचिव नेहा रस्तोगी माथुर ने कहा कि यह खेल मंत्री की एक बेहतरीन पहल है और हम आज इस अभियान का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं।

साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है, यह आसान, सरल और एक पारिवारिक गतिविधि है जिसे अलग-अलग पीढ़ियों के लोग एक साथ कर सकते हैं। ओलंपियन अर्जुन लाल जाट ने कहा कि प्रतिभागियों का उत्साह बहुत बढ़िया है और एक एथलीट के तौर पर मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग रविवार की सुबह बाहर निकले और फिटनेस के लिए समय समर्पित किया। फिट रहना कोई विकल्प नहीं है, यह सभी के लिए अनिवार्य है और फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के लिए एक शानदार प्रेरणा है।

## भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किए मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

## उत्तराखंड ने जीता अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तराखंड के मान सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 2025 पुरुष वर्ग तथा भागीरथी बिष्ट महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

यहां आयोजित मैराथन में 35 वर्षीय शीर्ष धावक मान सिंह 2:15:24 समय के साथ शीर्ष पर रहे। वहीं प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तराखंड की भागीरथी बिष्ट ने 02:48:59 के समय के साथ महिला वर्ग का शीर्ष सम्मान हासिल किया। ठाकोर भारतजी (02:49:16) समय के साथ दूसरे और अश्विनी (02:50:48) समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पद्मश्री पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अलजक्य रहाणे ने देश के विभिन्न हिस्सों से आये 25 हजार से अधिक दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर गोपी चंद ने कहा कि मैं आयोजकों, प्रायोजकों और निश्चित रूप से प्रत्येक एथलीट को नई दिल्ली मैराथन को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को समय से नेहरू स्टेडियम पहुंचने में मदद करने के लिए सुबह-सुबह विशेष सेवाएं शुरू की थीं। इसके साथ ही इस मैराथन में गाइड रनर इंडिया के स्वयंसेवकों की सहायता से दृष्टिबाधित धावकों की एक टीम ने भी 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया।

# सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं: मौर्य

## उपमुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, कहा- गांव का विकास प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावना है। गांव का विकास हमारी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होने आमजन की समस्याओं का गुणवत्ता के साथ समाधान कराने के निर्देश दिये।

उपमुख्यमंत्री आज सर्किट हाऊस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और सहारनपुर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता दें। फसलों को बचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गांवों की गली ग्रामीणों के लिए हाइवे होती है, जहां पर पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़के तोड़ी गई हैं उनको गुणवत्ताप. रक तरीके से रिस्टोर किया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि की गांव-गांव जाकर विजिट कर सर्वे करें और सुनिश्चित कराएं कि योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि चेकिंग अभियान चला कर लाइन लॉस कम किया जाए। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को नई फसलों के प्रति जागरूक करें। फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिए प्रयास किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवासीय योजनाओं में निराश्रित एवं दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाए। राजस्व वसूली को बढ़ाने के संबंध में कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी मनीष बंसल से उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में महापौर डॉक्टर अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुंबर, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह कीरत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# दुनिया में अपनाया जा रहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मॉडल: डिप्टी सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के बजट को जन कल्याणकारी एवं हितकारी बताते हुए कहा कि हर हाथ को काम, हर युवा को रोजगार का लक्ष्य निर्धारित कर सरकार ने बजट में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है और विश्व स्तर पर भारत के मोदी मॉडल को अपनाया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार देश को विकसित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित देश की ओर बढ़ रहा है और विश्व के शक्तिशाली पांच देशों में भारत ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार का गठन हुआ था। तभी से प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर है। बजट युवा उद्यमियों किसानों व्यापारियों को हरसंभव सहायता मुहैया कराई जा रही है और युवा उद्यमियों को रोजगार स्थापित करने के लिए 10 करोड़ तक की ऋण की सुविधा की गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि हर हाथ को कम हर व्यक्ति रोजगार मिले इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट को भौगोलिक व औद्योगिक दृष्टिकोण से बनाया गया है जिससे कि उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए युवा उद्यमियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज भी स्वास्थ्य पर भारत के मोदी मॉडल को अपने की बात की जा रही है। आकाश से पाताल तक योजनाएं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हवाई यात्रा, रेल यात्रा सड़क यात्रा को सुगम बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जनता का भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है कि देश और प्रदेश का विकास भाजपा ही कर सकती है। इसी के बल पर भाजपा ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार की अम्मा बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

# डिप्टी सीएम के साथ पहुंचे विधायक चौ.किरत सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ लखनऊ से सहारनपुर पहुंचे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ आज लखनऊ से प्लेन द्वारा गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह भी सहारनपुर पहुंचे। चो.किरत सिंह का उप मुख्यमंत्री के साथ पहुंचना न केवल पार्टी बल्कि सियासी हल्कों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पहले स्थान पर होगी भारत की जीडीपी: केशव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज केंद्रीय बजट संगोष्ठी में केन्द्र व प्रदेश सरकारा के बजट पर कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से देश को शीर्ष स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है जिसके बल पर भारत की जीडीपी वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर है और जल्द ही इसे पहले स्थान पर लाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में आयोजित केन्द्रीय बजट संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की बजट में हर वर्ग के विकास को सर्वोपरि मनाया गया, जिससे हर व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि हर हाथ को काम को मिले। ऐसा सरकार की मंषा है। उन्होने कहा कि सहारनपुर एक उभरता हुआ औद्योगिक हब है और यहां रोजगार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने युवाओं को बाहर जाने की बजाय स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने की सलाह दी। उपमुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार के बजट को देश के विकास का बजट बताते हुए कहा कि यह हर वर्ग के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने दावा किया कि इस बजट से बुनियादी ढांचे, उद्योग, रोजगार और कृकृशि क्षेत्रों को मजबूत किया जाएगा।

महापौर डॉक्टर अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुंबर, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह कीरत सिंह, रामपुर मनिहारन विधायक देवेन्द्र निम, पूर्व मंत्री डा.धर्म सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष डा. महेन्द्र सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह समेत आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भीषण जाम लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नानौता बस स्टैंड पर शाम को भीषण जाम लग गया। पुलिस चौकी पर कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। आगे निकलने के लिए लोग आपस में झगड़ते दिखे। स्कूटी सवार एक युवती को साइड लग गई, जिसमें युवती ने ट्रक ड्राइवर को डंडे से पीट दिया। ट्रक चालक को पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। गंगोह में अतिक्रमण अभियान नहीं चलने से आए दिन लगने वाले जाम से लोग तंग आ गए हैं। इसी बीच बताया गया है कि ट्रक की हल्की सी साइड एक स्कूटी सवार युवती को लग गई, जिस पर युवती ने ट्रक ड्राइवर पर डंडे से हमला बोल दिया। उनको लोगों ने बामुश्किल छुड़वाया। हल तब हो गई जब पुलिस चौकी के आसपास कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था।

# भारत का संविधान भेंटकर किया स्वागत



**सहारनपुर।** श्री गुरु रविदास सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का भारत का संविधान देकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भारत का संविधान की एक पुस्तक भेट की तथा उन्हें बताया कि रविदासीय समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ है भविष्य में आगे भी भारतीय जनता पार्टी का साथ देगा। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धूम सिंह एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार जिला उपाध्यक्ष नितिन कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष महेश चंद जी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मिरगपुर ऐतिहासिक गांव: हाफिज उस्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज के आधुनिक युग में जहां नशे की आदत लोगों में लगातार बढ़ रही है, वहीं देवबंद क्षेत्र का एक अनोखा गांव मिरगपुर भी है। जहां का हर निवासी नशे से पूरी तरह दूर है।

लगभग दस हजार की जनसंख्या वाले इस गांव में लोगों को यह प्रेरणा देने वाले श्री गुरु बाबा फकीरा दास की तपोस्थली और उनके मंदिर पर हर साल की तरह वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। यह मेला ऐतिहासिक होता है। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष गन्ना समिति चौधरी परविंदर के निवास गांव मिरगपुर पहुंचे समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय सचिव हाफिज उस्मान जहां उनका पुरजोर स्वागत हुआ। मीडिया से बातचीत के दौरान हाफिज उस्मान ने बोला की यह ऐतिहा. सिक गांव है इस गांव में ना तो कोई धूम्रपान की दुकान है ना कोई धूम्रपान करता है गांव का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है यह हम लोगों के लिए हर्ष का विषय है। इस दौरान उनके साथ सादात उस्मान, सपा नेता मोहम्मद लुकमान, बख्तियार रहमान, सपा नेता राव कारी साजिद, सपा नेता वाजिद त्यागी, रुक्बाण आदि लोग मौजूद रहे।

## शादी से नाखुश महिला ने मौत को लगाया गले

**गागलहेड़ी।** गृह क्लेश के चलते पत्नी ने फंदे पर झूलकर अपने जीवन की लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया।

कस्बे की डिफेंस कालोनी में रहने वाली अंशिका पत्नी राहुल निवासी जिला इटावा ने फंदे पर झूलकर जान दे दी। सूचना प्राप्त हुई है कि अंशिका शादी से खुश नही थी शादी के बाद रोजाना दोनों के बीच झगड़े रहा करते थे। रविवार शाम कमरे में पंखे से खुलकर अंशिका ने अपनी जीवन की लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा चार माह पूर्व ही अंशिका की शादी राहुल से हुई थी। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पीएम के लिए भेजा और मामले की जांच बारीकी से शुरू की।

# भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था का किया बेड़ागर्क: फरहाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** समाजवादी पार्टी द्वारा समस्त उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे पी.डी.ए कार्यक्रम की श्रृंखला में आज नगर के पटना उर्फ नया बांस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व प्रदेश सचिव फरहाद गाडा ने कहा है कि भाजपा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

नया बांस उर्फ पटना में बाबू प्रधान के आवास पर आयोजित सपा के पीडीए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए फरहाद गाडा ने यह भी कहा कि भाजपा के लोगों ने आम जनता के साथ छलावा किया है। देश की अर्थव्यवस्था का बेडागर्क कर दिया। आगामी चुनाव 2027 में जनता ऐसे फिरका परस्त लोगो को सत्ता से उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी।



पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप ने कहा कि भाजपा ने देश के लोगो को हिंदू,मुसलमान, हिंदुस्तान पाकिस्तान में उलझा कर देश का सत्यानाश कर दिया है। आज महंगाई चरम सीमा पर है। लेकिन भाजपा का प्रत्येक नेता महंगाई बेरोजगारी व अन्य मूलभूत मुद्दों से भटका कर लोगों को फालतू की बातों में उलझाकर रखना चाहते हैं।

सरसावा ब्लाक प्रमुख चौधरी ताहिर हसन, साजिद चौधरी ने कहा की प्रत्याशी कोई भी हो हम लोग अखिलेश यादव को प्रत्याशी मानकर चुनाव लड़वाने का काम करेंगे। इस अवसर पर सलीम अख्तर, शादाब नंबरदार, बाबू प्रधान, सोबान गाड़ा, गुफरान प्रधान, मुकर्रम प्रधान, डॉक्टर वाजिद, तेजपाल उपाध्याय, तनवीर गाड़ा, आफताब गाड़ा, किरण सैनी, वसीम प्रधान व सेवाराम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह व संच. ालन सपा नेता यूसुफ कुरैशी द्वारा किया गया।

# ग्लोकल विवि के शिविर में किया श्रमदान

**शाह टाइम्मस संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय एनएसएस के चल रहे शिविर में छात्र छात्राओं ने श्रमदान किया।

कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शोभा त्रिपाठी और डॉक्टर संजीव नांदल के संयोजन मे रायपुर गांव के प्रधान अब्दुल कादिर के सहयोग से आयोजित शिविर में आज व्यायाम और स्वास्थ्य अभियान पर समर्पित रखा गया। सर्वप्रथम छात्र- छात्राओं ने अपना श्रमदान करते हुए वहां के एक प्रायमरी पाठशाला की साफ सफाई की। इसके उपरांत छात्र और छात्राओं ने अलग अलग टोली बनाकर दो मैदानों साफ-सफाई की। ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं मैदान पर आए।उन्होंने स्वयं वॉलीबॉल खेल कर बच्चों को प्रेरणा दी, जिससे बच्चे बहुत उत्साहित हुए और फिर उन्होंने वालीबाल, क्रिकेट और बैडमिंटन खेला। अंत में सभी बच्चों ने एक साथ "स्वास्थ्य ही धन है विषय पर रैली भी निकाली। द्वितीय सत्र में चीफ प्रॉक्टर जमीर उल इस्लाम ने संबंधित विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है हमें अपनी शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्वास्थ्य की आवश्यकता है व्यायाम द्वारा हम अपने शरीर और मस्तिष्क दोनों को ही स्वस्थ रख सकते हैं जिससे हमारा चिंतन भी सकारात्मक होता है। इसके उपरांत ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर ने अपने व्याख्यान में कहा कि हमें आउटडोर गेम खेलने पर विशेष बोल देना चाहिए से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ हमारे अंदर नेतृत्व क्षमता और सहभागी के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा आज हम फास्ट फूड पर निर्भर हो गए हैं जिससे हमें पौष्टिक आहार नहीं मिलता है हमें अपना खान-पान भी सुधारना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने इस बात का भी धन्यवाद किया कि इस प्रकार के आयोजन से ग्राम वासियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।



अंत में डॉ संजीव नांदल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किए और धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के सहायक परिवहन प्रबंधक मोहम्मद मजीद अहमद खान उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शोभा त्रिपाठी ने किया । आज के कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी छात्र शिविर में चले गए।

# हर वर्ग भाजपा से परेशान: अभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के महानगर विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद टिंकू अरोडा ने कहा कि भाजपा से सर्वसमाज परेशान है।

टिंकू अरोडा ने यह बात जाटव नगर बस्ती में आयोजित एक बैठक में कही। उन्होने कहा कि इस सरकार में सर्व समाज परेशानियों के दौर से गुजर रहा है आरक्षण के आधार पर मिलने वाली नौकरियां भी दलित समाज के बच्चों को नहीं मिल पा रही है बच्चों का भविष्य अंधकार में धकेलना का काम इस सरकार ने किया है 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है तभी युवाओं को रोजगार मिलेगा महंगाई कम होगी और जनता खुशहाल होगी। महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने कहा बीजेपी सरकार संविधान खत्म करके पिछड़े दलितो का अधिकार छीनने का काम कर रही है जिसे समाजवादी पार्टी बिल्कुल नहीं होने देगी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश इंजीनियर, प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य रतन यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संजय जाटव, प्रेमपाल, इलम चंद, महेंद्र पाल सागर, अमित जाटव, सोनू जाटव, बिट्टू जाटव, विजय जाटव, उग्रसेन जाटव, धर्मेंद्र जाटव, सोमप्रकाश जाटव, तेगचंद जाटव आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता देवी चंद ने की।



# खेल की भावना से खेलें: रामू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर कस्बे के बड़ा कुआ चौक पर दो दिवसीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य रामु चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। और कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए।

रविवार को थाना मिर्जापुर कस्बे के बड़ा कुआ चौक पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य रामु चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। उद्घाटन पर बोलते हुए रामु चौधरी ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलो को खेलने से एक और जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है और ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। जिससे की गांव देहात मे छिपी प्रतिभाएँ सामने आ सके और देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम मे कैसर अराफात, बिलाल, जुबैर, अनस, हुसैन, अब्दुल सलाम, हाफिज फरीद आदि मौजूद रहे हैं।

# आज से शुरू परीक्षा, नकल रोकने का इम्तिहान

**गंगोह।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही है। इस बार भी नकल रुक पाएगी या नहीं यह आने वाला समय बताएगा।

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के आरंभ होने में अब कुछ घंटे ही बाकि रह गए हैं। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल व इंटर में हिन्दी की परीक्षा होगी। क्षेत्र में एचआर इंटर कालेज, दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज, आर्य कन्या इंटर कालेज, नारायण जनता इंटर कालेज मंहगी सहित आदि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी संस्थागत व व्यक्तिगत परीक्षा देंगे। यूपी बोर्ड ने इस बार भी नकल विहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराने का दावा किया है। सचल दस्तों का भी गठन किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर आंत. रिक सचल दस्ते भी नकल रोकने में मदद करेंगे। हर बार संसाधनों की कमी के कारण सरकारी व्यवस्था फेल रही है। इस बार बोर्ड का दावा कितना खरा होगा यह परीक्षाएं शुरू होने के बाद ही पता लगेगा।

❒**गंगोह।** शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शोभित विश्वविद्यालय गंगोह को एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठित सम्मान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा लखनऊ में आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने सम्मान पूर्वक ग्रहण किया।

## पंखे से लटककर महिला ने की आत्महत्या

**सहारनपुर।** गृह कलेश के चलते एक महिला दरवाजा बंद कर पंखे पर झूल गई।

ताजा मामला थाना कुतुबशेर अन्तर्गत वार्ड 67 में पड़ने 62 फुटा रोड का है जहां नई कॉलोनी गृह कलेश के चलते एक विवाहिता ने मौत को गले लगा लिया। जिस आंचल से विवाहिता अपने को ढकने का काम किया थी उसी दुपट्टा को पंखे से बांधअपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाहिता सानिया पत्नी फरहान दरवाजा बंद पंखे पर झूल गई। सुसाइड की भनक लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। और जैसे तैसे दरवाजे के ऊपर लगे वेंटीलेटर को तोड़कर गेट खोला गया और लेकिन तब तक विवाहित सानिया के प्राण पखेरू हो चुके थे। क्षेत्र वासियों का कहना यही है कि ग्रह कलेश के चलते सानिया ने मौत को गले लगाया है।

# कम राशन पर दर्ज की एफआईआर

**छुटमलपुर।** ग्राम पंचायत मुजफ्फराबाद की कोटेदार दीपा के स्टाक में राशन कम पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

मुजफ्फराबाद के अनेक राशन कार्ड धारकों ने शिकायत पत्र सौंप कर गांव के दो राशन डीलरों पर राशन वितरण में अनियमितता बरते जाने की शिकायतें की थी। इस शिकायती पत्र की जांच क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सूर्य प्रकाश पाठक ने 18 फरवरी व 20 फरवरी को गांव में घर घर जाकर कार्ड धारकों से बात कर की थी। जांच अधिकारी के समक्ष लोगों ने दोनों ही राशन डीलरों के विरुद्ध कम राशन देने,बिल्कुल भी राशन न देने, राशन की कालाबाजारी करने व कार्ड धारकों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाए थे।जांच के दौरान अनेक बार शिकायतकर्ताओं व कोटेदारों के बीच बहस भी हुई थी। कार्ड धारक वहीद,मतलूब, दिलशाद,रशीद आदि का कहना था कि दोनों ही कोटेदार मनमाने ढंग से राशन वितरण करते हैं। जबकि कुछ कार्ड धारकों ने आरोप लगाए की उन्हें पिछले माह पर्ची दी गई थी परंतु राशन अभी तक उन्हें नहीं दिया गया है। अनेक उपभोक्ताओं ने कोटेदार द्वारा दी गई पर्चियां भी जांच अधिकारी को दिखाई थी। ग्रामीण मकबूल, मुरसलीन,शाहरुख व वाहिद आदि ने जांच अधिकारी को बताया कि यदि शिकायत की जाती है तो राशन डीलर उनके साथ दुर्व्यवहार करता है तथा अनेक बार मारपीट पर भी उतारू हो जाता है। जांच अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट एसडीएम बेहट को सौंपी थी जिसमें राशन डीलर दीपा पत्नी जॉनी के राशन में 110.595 कुंतल गेहूं वह 136.206 कुंतल चावल कम होना पाया गया। जांच अधिकारी के अनुसार दूसरी राशन डीलर मो. बिना पत्नी सादिक के स्टॉक में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। थानाध्यक्ष फतेहपुर धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि दीपा पत्नी जॉनी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/ 7 में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

# ट्रम्प की बयानबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद जल्दबाजी में दिखाई दे रहे है। 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद उनके ताबड़तोड़ फैसले उनकी हड़बड़ी की पुष्टि भी करते है। ताजा मामले में उन्होंने भारत ने वोटर ट्रन आउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने की बात कहकर अमेरिका ही नहीं भारत की राजनीति को भी गरमा दिया है यह बात उन्होंने कई बार दोहराई, लेकिन शनिवार को उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर सन्सनी फैला दी, यू तो भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी (उसैद) से सहायता प्राप्त सात प्रोजेक्ट चल रहे है इनकों 840 करोड़ रुपये मिले है दिलचस्प बात यह है इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर फंड नहीं मिल रहा है। यह खुलासा विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में हुआ है। एक अमेरिका का बड़ा अखबार वॉशिंगटन पोस्ट भी इस समय यह कहता हुआ दिखाई दे रहा है। 2008 के बाद से भारत को उसैद से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को लेकर वर्तमान में किस तरह की सोच रख रहे है। एक तरफ से भारत को मित्र श्रेणी में रखने की बात कहते है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रिय दोस्त बताते है तो वही वह कुछ फैसलों को लेकर भारत को संशय में डालते दिखाई देते है। अप्रवासी के मामले में भी हम देख रहे है। जैसा बरताव उनके साथ किया जा रहा है ऐसी उम्मीद तो कम से कम मित्र देश से नहीं होती। जहां तक दोस्ती निभाने की बात है वह डोनाल्ड ट्रम्प को भारत से सिखने की जरूरत है। भारत ने साफ किया है कि अप्रवासी के मामले में भारत अमेरिका की पूरी मदद करेगा क्यूंकि यह भारत की नीति से भी मेल खाता है, लेकिन लगता है ट्रम्प के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। तभी तो वह भारत का नाम बार-बार लेकर भारत से आयतित उत्पादों पर 100 प्रतिशत टेरिफ लगाने की बात कर रहे है। इतना ही नहीं वह इस बात की भी शिकायत बार-बार करते दिखाई देते है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टेरिफ लगाता है। अब उसैद द्वारा भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 122 करोड़ रुपये का दावा कर उन्होंने भारत के लोकतंत्र को प्रभावित करने की कोशिश की है। क्यूंकि वह अपने बयानों से कोई सबूत नहीं दे पा रहे है ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्यूंकि यह हमारी विश्व में साख का सवाल है। ट्रम्प के आरोपों से साफ पता चलता है कि अमेरिकी प्रशासन हमारे आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने बयान में बांग्लादेश का भी जिक्र किया है और कहा है कि बांग्लादेश को भी अमेरिका की और से 250 करोड़ रुपये दिए गए है उन्होंने यह भी कहा कि यह पैसा वहा राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए लिया गया है। वैसे सच्चाई यह भी है कि दुनिया की बड़ी मजबूत ताकतें दूसरे देशों में राजनीतिक व आर्थिक रूप से हस्तक्षेप करती है और उसके लिए सभी तरीके अपनाती है उसमें नैतिक-अनैतिक कुछ नहीं होता अपना हित ही सर्वोपरी होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति भी इससे इतर नहीं है, बल्कि वह सत्ता में ही यह नारा देकर आए है कि वह अमेरिका को दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। इसी रास्ते पर वह चलते भी दिखाई दे रहे है। हर देश को हक है कि वह अपने हितों को सर्वोपरी रखे, लेकिन एक शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह शौभा नहीं देता कि वह हर देश के साथ जैसे को तैसा शैली में बात करे, लेकिन ट्रम्प यह करते दिखाई दे रहे इसी शैली में बात करते दिखाई दे रहे है जहां तक बात भारत की है विपक्ष ले ट्रम्प के बयानों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस तो इस पूर मामले में सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की बात कह रही है, जो कि सही भी है।

## 'आप' सरकार ने खाली खजाना छोड़ा



भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा, आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा, यह तीन दिनों का सत्र है, तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों, जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी, सदन का पहला सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार-बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णत: खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किए जाएंगे, पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं।

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

# कैसे बढ़े राष्ट्रीय उत्पादकता?

**एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा**



**विनीत नारायण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार दावा कर चुके हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। वहीं अमे. रिका अभी भी पहले नंबर पर है, जिसकी अर्थव्यवस्था की साइज 26.7 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर चीन है और इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 19.24 ट्रिलियन डॉलर है। तीसरे नंबर पर जापान 4.39 ट्रिलियन डॉलर के साथ मौजूद है।

एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। यदि भारत 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने की यदि क्षमता रखता है तो उसके संकेत तभी मिलने शुरू होंगे जब हमारे देश की उत्पादकता में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय उत्पादकता की जब भी बात होती है तो आम आदमी समझता है कि यह मामला उद्योग, कृषि, व्यापार व जनसेवाओं से जुडा है। हर व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मानता है। दूसरी तरफ जापान जैसा भी देश है, जिसने अपने इतने छोटे आकार के बावजूद आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में दुनिया को मात कर दिया है। सूनामी के बाद हुई तबाही को देखकर दुनिया को लगता था कि जापान अब कई वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगा। पर देशभक्त जापानियों ने न सिर्फ बाहरी मदद लेने से मना कर दिया, बल्कि कुछ महीनों में ही देश फिर उठ खड़ा हो गया। वहां के मजदूर अगर अपने मालिक की नीतियों से नाखुश होते हैं तो



काम-चोरी, निकम्मापन या हड़ताल नहीं करते। अपनी नाराजगी का प्रदर्शन, औसत से भी ज्यादा उत्पादन करके करते हैं। मसलन जूता फैक्ट्री के मजदूरों ने तय किया कि वे हड़ताल करेंगे, पर इसके लिए बैनर लगाकर धरने पर नहीं बैठे। पहले की तरह लगन से काम करते रहे। फर्क इतना था कि वे एक जोड़ी जूता बनाने की बजाए एक ही पैर का जूता बनाते चले गए।

इससे उत्पादन भी नहीं रूका और मालिक तक उनकी नाराजगी भी पहुंच गई। जबकि हमारे देश में हर नागरिक समझता है कि कामचोरी और निकम्मापन उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। दफ्तर में आए हो तो समय बर्बाद करो। कारखाने में हो तो बात-बात पर काम बन्द कर दो। सरकारी विभागों में हो तो तनख्वाह को पेंशन मान लो। मतलब यह कि काम करने के प्रति लगन का सर्वथा अभाव है। इसीलिए हमारे यहां समस्याओं का अंबार लगता जा रहा है। एक छोटा सा उदाहरण अपने इर्द-गिर्द की सफाई का ही ले लीजिए। अगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम पर न आयें तो एक ही दिन में शहर नर्क बन जाता है। हमें शहर की छोड़ अपने घर के सामने की भी सफाई की चिन्ता नहीं होती। बिजली और पानी का अगर पैसा न देना हो तो उसे खुले दिल से बर्बाद किया जाता है। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तो दूर उसे बर्बाद करने या चुराने में हमें महारथ है। इसलिए सार्वजनिक स्थलों पर लगे खम्बे, बैंच, कूड़ेदान, बल्ब आदि लगते ही गायब हो जाते हैं। सीमान्त प्रांतों में तस्करी करना हो या अपने गांव-कस्बे, शहर में कालाबाजारी, अवैध धन कमाने में हमें फक्र महसूस होता है। पर सार्वजनिक जीवन में हम केवल सरकार को भ्रष्ट बताते हैं। अपने गिरेबां में नहीं झांकते। देश की उत्पादकता बढ़ती है उसके हर नागरिक की कार्यकुशलता से। पर अफसोस की बात यह है कि हम भारतीय होने का गर्व तो करते हैं, पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों से निगाहें चुराते हैं। जितने अधिकार हमें प्रिय हैं, उतने ही कर्तव्य भी प्रिय होने चाहियें। वैसे उत्पादकता का अर्थ केवल वस्तुओं और सेवा का उत्पादन ही नहीं, बल्कि उस आर्थिक, सामाजिक व्यवस्था से है, जिसमें हर नागरिक अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से कर ले और उसके मन में संतोष और हर्ष का भाव हो। पुरानी कहावत है कि इस दुनिया में सबके लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। पर लालची व्यक्ति के लिए पूरी दुनिया का साम्राज्य भी उसे संतोष नहीं दे सकता। व्यक्ति की उत्पादकता बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि हर इंसान को जीने का तरीका सिखाया जाये। कम भौतिक संसाधनों में भी हमारे नागरिक सुखी और स्वस्थ हो सकते हैं। जबकि अरबों रुपये खर्च करके मिली सुविधाओं के बावजूद हमारे महानगरों के नागरिक हमेशा तनाव, असुरक्षा और अवसाद में डूबे रहते हैं। वे दौड़ते हैं उस दौड़ में, जिसमें कभी जीत नहीं पायेंगे। वैसे भी इस देश की सनातन संस्कृति सादा जीवन और उच्च विचार की रही है। लोगों की मांग पूरी करने के लिए आज भी देश में संसाधनों की कमी नहीं है। पर किसी की हवस पूरी करने के लिए कभी पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हो सकते। इसलिए रूहानियत या आध्यात्म का, व्यक्ति के तन, मन और जीवन से गहरा नाता है। देश में अन्धविश्वास या बाजारीकरण की जगह अगर आधयात्मिक मूल्यों की स्थापना होगी तो हम सुखी भी होंगे और सम्पन्न भी। संत कबीर कह गए हैं 'मन लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पाऊं राम भजन में वो सुख नाहिं अमीरी में'। बाजार की शक्तियां, भारत की इस निहित आधयात्मिक चेतना को नष्ट करने पर तुली हैं। काल्पनिक मांग का सृजन किया जा रहा है। लुभावने विज्ञापन दिखाकर लोगों को जबरदस्ती बाजार की तरफ खींचा जा रहा है। कहा ये जाता है कि मांग बढ़ेगी तो उत्पादन बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेगा तो आर्थिक सम्पन्नता आएगी। पर हो रहा है उल्टा। जितने लोग हैं, उन्हें पश्चिमी देशों जैसी आर्थिक प्रगति करवाने लायक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं और ना ही वैसी प्रगति की जरूरत है। इसलिए अपेक्षा और उपलब्धि में खाई बढ़ती जा रही है।



# गाजा: तबाही के साये में शोध कार्य

**बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है, गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं**

युद्ध, तबाही और अनिश्चितता के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक अपने शोध कार्य जारी रख रहे हैं। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शोध न केवल विनाश के दस्तावेजीकरण और पुनर्निर्माण प्रयासों में मदद करता है, बल्कि मानवीय संकटों के समाधान के लिए भी आवश्यक है। 19 जनवरी को हमास और इस्राइल के बीच अस्थाई संघर्ष विराम से वैज्ञानिकों को स्थिति का आकलन करने का अवसर मिला है।

न्यूरोसाइंटिस्ट खमीस एलसी, जो वर्तमान में घायलों का इलाज कर रहे हैं, युद्ध के प्रभावों को दर्ज करने और प्रकाशित करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इसी तरह, जलवाहित रोगों के विशेषज्ञ सामर अबूजर सुधार व पुनर्निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद, विज्ञान और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के चलते वैज्ञानिकों ने अपना काम जारी रखा है।

युद्ध के कारण गाजा की 22 लाख आबादी में से 90 प्रतिशत बेघर हो गई है। भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो नष्ट हो गई हैं या अत्यधिक सीमित रह गई हैं। बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है। गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं।

गाजा में पानी की स्थिति भी गंभीर है। यहां 97 प्रतिशत पानी भूजल स्रोतों से आता है, जो अत्यधिक असुरक्षित हैं और इनके दूषित होने का खतरा भी है। युद्ध से पहले भी महज 10 प्रतिशत लोगों को साफ पानी मिलता था, लेकिन अब मात्र 4 प्रतिशत लोगों को ही मिल रहा है। टूटी-फूटी सीवेज लाइन के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे डायरिया और हेपेटाइटिस जैसी जलवाहित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

युद्ध के कारण गाजा के 21 उच्च शिक्षण संस्थानों में से 15 बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुके हैं। अस्पतालों की स्थिति भी गंभीर है-लगभग आधे पूरी तरह बंद हैं, जबकि बाकी सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं। कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 11,000 मरीजों को न तो इलाज मिल रहा है और न ही उनके पास विदेश में उपचार का कोई अवसर है। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि सबसे पहले आवास, सीवेज मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करना जरूरी है।

ऑनलाइन-लर्निंग विशेषज्ञ आया अलमशहरावी अस्थाई शिविर और घरों के पुनर्निर्माण के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील कर रही हैं। वे खुद एक बमबारी में बचीं, जिसमें उनके अपार्टमेंट में 30 लोगों की जान चली गई, और अब वे एक शरणार्थी शिविर में रह रही हैं।


भारी विनाश के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक समुदाय का संकल्प अटूट है। वे इस संकट का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं और भविष्य के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साबित करता है कि युद्ध के कठिन समय में भी ज्ञान और शोध को आगे बढ़ते रहना चाहिए।

स्रोत फीसर्च



# आखिर उर्दू से इतनी नफरत क्यों!

**तनवीर जाफरी**



अपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हां हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्राय: हिंदी में ही लिखता पढ़ता हूं। परन्तु शेरो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है, इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात (अमृत) पीकर आई है तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों, राज नेताओं, बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।




मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूंकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिए लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रूपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्‌भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्तां, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है। इसके बावजूद उर्दू जैसी मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुए उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुए यह कहा कि-ये अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा। योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है? क्या उर्दू पढ़कर लोग 'कठमुल्ला' बन जाते हैं?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर, दया नारायण निगम, जगत मोहन लाल 'रवां', नौबत राय 'नजर', मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क', नाथ मदन सहाय, पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार', राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख्तर, राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद', कृष्ण बिहारी नूर, संजय मिश्रा शौक, राम प्रकाश 'बेखुद', खुशबीर सिंह 'शाद', मनीष शुक्ल, आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर, रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खान, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रघुपति सहाय फिराक, आनंद नारायण 'मुल्ला', ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्‌भाव बांटते थे इसीलिए उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओं से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गए हैं। जैसे फैजाबाद, मुगलसराय, इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं।

**( यह लेखक के निजी विचार है )**

# रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से सेहत को मिलते हैं गजब फायदे

हमारे शरीर के पानी बेहद जरूरी होता है। अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से कई बीमारियों से बचाव हो जाता है। पानी के सेवन से स्किन और बाल भी स्वस्थ रहते हैं। यदि आप पानी को सही समय या सही तरीके से पीते हैं, तो आपको कई फायदे मिलेंगे। आइए जानते हैं रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से क्या होता है?

## रोजाना खाली पेट गर्म पानी पीने के फायदे...

- **बेहतर पाचन**

एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्म पानी पीने से पाचन में सुधार होता है। सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से आपके पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और गट को साफ करता है। गर्म पानी पीने खाना जल्दी से पचता है, जिससे पेट में एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्या से राहत मिलती है। गर्म पानी के सेवन से एंजाइम एक्टिव होते हैं, खाने को पचाने में सहायता करते हैं।

- **टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकाले**

रोजाना गर्म पानी पीने से शरीर से टॉक्सिक पदार्थों और गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है। वहीं, यह शरीर में जमें टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं, जो ब्लड में सुधार करता है और स्किन को निखरता है।

- **ब्लड फ्लों में सुधार**

गर्म पानी पीने से शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार बना रहता है। रोज खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर के अलग-अलग अगों तक ब्लड के फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है, इससे शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पौषक तत्व पहुंचते हैं। इससे आपके शरीर में काफी एनर्जी बढ़ती है और आप दिनभर एक्टिव रहते हैं।

- **कंजेशन से राहत**


खाली पेट गर्म पानी पीने से कंजेशन की समस्या दूर होने लगती है। गर्म पानी पीने से आपके गले और नाक की सूजन कम होती है, इससे आपको काफी आराम मिलता है। इसके अलावा यह म्यूकस को पतला करता है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।





# अब बिहार पर नजर

सोमवार, 24 फरवरी 2025






## बिहार के मुख्यमंत्रियों की लिस्ट

| | |
|---|---|
| मोहम्मद यूनुस | मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| दीप नारायण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| बिनोदानंद झा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण वल्लभ सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| जगन्नाथ मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कर्पूरी ठाकुर | जनता पार्टी |
| रामसुंदर दास | जनता पार्टी |
| लालू प्रसाद यादव | जनता दल |
| राबड़ी देवी | जनता दल |
| नीतीश कुमार | समता पार्टी |
| राबड़ी देवी | राष्ट्रीय जनता दल |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |
| जीतन राम मांझी | जनता दल (यूनाइटेड) |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |

# चुनाव से पहले मोदी का मास्टरस्ट्रोक!

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं ऐसे में मोदी कुछ बड़ा कर सकते हैं। मोदी की नजर कहीं ना कहीं नीतीश को पूरी तरह से अपने काबु करने की होगी, क्योंकि नीतीश कुमार कई बार पाला बदल चुके हैं ऐसे में कहीं ना कहीं मोदी के लिए चुनौती है कि NDA को कुछ भी करके मजबूत रखा जाए।

बिहार को 11 साल में क्या मिला?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, प्रति वर्ष 20 करोड़ रोजगार, बिहार को विशेष पैकेज, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, महंगाई पर नियंत्रण जैसे वादे अभी तक अधूरे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि भागलपुर, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर से हवाई जहाज उड़ाने का वादा अब तक क्यों पूरा नहीं हुआ? बिहार में उद्योग लगाने का वादा भी क्यों पूरा नहीं हुआ?

### इन जिलों को सीधा साधेगी भाजपा

किसान सभी जातियों के होते हैं जो अन्न उपजाते हैं। यह इलाका भी कृषि बाहुल्य ही रहा है और यहां कृषि विश्वविद्यालय भी है। भागलपुर के ढाई लाख से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेते हैं। वहीं आसपास के भी जिलों से किसान आएंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूर्वी बिहार-कोसी- सीमांचल के 13 जिलों-भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार और खगड़िया के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर इस किसान सभा का असर पड़ेगा।



## बागेश्वर धाम भी करेगा बिहार में मदद




बिहार दौरे से पहले पीएम बाग्वेश्वर धाम पहुंचे ऐसे में बिहार चुनाव से पहले यहां जाना कहीं ना कहीं भगवा दौर का फायदा लेना हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह छतरपुर पहुंच चुके हैं, जहां उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने यहां बनने जा रहे बालाजी सरकार कैंसर इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया।

## मोदी-नीतीश की वार्ता पर नजर

**दिल्ली की जीत के तुरंत बाद पीएम मोदी व सीएम नीतीश के बीच मुलाकात के कई बिंदु हो सकते हैं। बिहार चुनाव इनकी प्राथमिकता में होगा, अनुमानतः जो सवाल व हालात बिहार की राजनीत के हैं, वह इस मुलाकात के आधार तो बनने जा रहे हैं और मुलाकात के ये बिंदु हैं-**

1. वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की दशा और दिशा पर हो सकती है चर्चा
2. जातीय जनगणना एक बड़ा मुद्दा हो सकता है
3. बिहार चुनाव और चुनावी चेहरा पर खुल कर होगी बात
4. बिहार चुनाव के लिए सीटों की हिस्सेदारी और दलों के हित को देखते सीटों को चिन्हित करने पर हुई बात
5. दावेदारी ठोक रहे साथी दलों के बारे में भी बात करेंगे और सार्वजनिक मंच पर बोलने से बचने के लिए भी बात हुई
6. उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को साधने के लिए भी नए सिरे से बात हो सकती है। जदयू नेतृत्व ने उत्तर बिहार को लेकर पहले से ही काम करना शुरू कर दिया है।
7. बिहार के लिए चुनावी घोषणा से संदर्भ में भी बातचीत हो सकती है।

## मांझी बने पहेली, नाराजगी के बाद अब पीएम मोदी के प्रति समर्पण

जीतनराम मांझी की इमेज बेबाक राजनेता की है। वह बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब पहले नाराजगी और फिर अब पूर्ण समर्पण जताने के बाद यह चर्चा छिड़ गई है कि क्या यह मांझी के बेबाक बोल हैं या रणनीति? इसे चार पॉइंट में समझा जा सकता है।

### बिहार चुनाव से पहले बार्गेनिंग

पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी केंद्र में मंत्री हैं लेकिन उनका और उनकी पार्टी की पॉलिटिक्स बिहार केंद्रित ही रही है।

मांझी की पार्टी विधानसभा चुनाव में 40 सीटों के लिए दावेदारी कर रही है, लेकिन नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की मौजूदगी के कारण इतनी सीटें मिल पाना मुश्किल ही माना जा रहा है। ऐसे में मांझी के हालिया तेवरों को अधिक से अधिक सीटें पाने के लिए प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### चिराग पासवान का बढ़ता प्रभाव

जीतनराम मांझी के तेवरों के पीछे एक वजह चिराग पासवान का गठबंधन में बढ़ता प्रभाव भी बताया जा रहा है। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी, दोनों ही दलित पॉलिटिक्स का चेहरा हैं। बिहार की सियासत में जातीय फैक्टर भी भूमिका निभाते हैं व मांझी मुसहर जाति से आते हैं जो महादलित कैटेगरी में आती है व चिराग की पासवान जाति दलित वर्ग में।

### मांझी पर भारी एलजेपीआर

जीतनराम मांझी की पार्टी पर चिराग की एलजेपीआर भारी पड़ती रही है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (लोकतांत्रिक) को चुनाव लड़ने के लिए केवल एक सीट मिली थी, सीट जहां से खुद जीतनराम मांझी सांसद हैं। वहीं, चिराग की पार्टी के हिस्से पांच सीटें आई थीं। इसके अलावा बिहार से सटे झारखंड में भी मांझी की पार्टी खाली हाथ रह गई थी, जबकि चिराग की पार्टी वहां भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए एक सीट लेने में सफल रही थी। दिल्ली में भी चिराग की पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### मांझी की बेटे को स्थापित करने की चाह

जीतनराम मांझी की कोशिश अपने बेटे संतोष सुमन को बिहार की पॉलिटिक्स में स्थापित करने की है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती दलित पॉलिटिक्स की पिच पर उनके लिए चिराग पासवान और उनकी पार्टी ही है।

यह भी एक वजह हो सकती है कि मांझी कई मौकों पर चिराग से उलट लाइन पर खड़े नजर आए हैं। कोटा के भीतर कोटा को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी मांझी ने स्वागत किया था, समर्थन किया था जबकि चिराग इसके विरोध में उतर आए थे।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर..
www.shahtimesnews.com

## प्रशांत किशोर भी दिखा रहे दम

चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने ऐलान किया है कि जनसुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। पीके ने पटना के बापू भवन में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया और साफ कहा कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। जनसुराज पद यात्रा के जरिए बिहार को मथने के बाद पीके 2 अक्टूबर को जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने का आधिकारिक ऐलान करने वाले हैं। जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने के ऐलान से पहले प्रशांत किशोर ने बिहार चुनाव को लेकर अपना प्लान साफ कर दिया है। ऐसे में अब बात इसे लेकर भी हो रही है कि सूबे की हर सीट पर उम्मीदवार उतारने जा रहे पीके का बिहार प्लान सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन में किसे और कहां-कहां चोट करेगा?












स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426